RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 247 , गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com

सारण शिक्षक निर्वाचन के लिए पूर्वी चंपारण में मतदान की तैयारियां पूरी, 27 केंद्रों पर 23... 03

दुर्गा पूजा मेले का भव्य आगाज, सुरक्षा के कड़े इंतजाम... 04

यामी गौतम के आगे घुटने टेकने पर मजबूर हुए राजकुमार राव नई... 07

संक्षिप्त समाचार

वेनेजुएला की 'गंध' कैसे होगी साफ, बताएगा भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो बुधवार को गुजरात स्थित जामनगर में दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के दौरे पर हैं। इस दौरान वे रिलायंस के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी से भी मिलने वाले हैं। बताया जा रहा है कि मार्को रुबियो रिलायंस के साथ वेनेजुएला का कच्चा तेल रिफाइन करने पर बातचीत करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिका के टेक्सास में एक ऑइल रिफाइनरी में बड़ा निवेश करने की तैयारी में है, जो 50 साल में अमेरिका में बनने वाली पहली

रिफाइनरी होगी। खास बात यह है कि जामनगर रिफाइनरी भी वेनेजुएला से आया हुआ कच्चा तेल भी साफ करती है, जो बेहद खराब क्रूड ऑयल माना जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिका के टेक्सास में एक ऑइल रिफाइनरी में बड़ा निवेश करने की तैयारी में है, जो 50 साल में अमेरिका में बनने वाली पहली रिफाइनरी होगी ।इसी वजह से यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। **रूबियो का जामनगर दौरा 3 वजहों से अहम**– अमेरिका में डीजल की कीमतें 6 डॉलर प्रति गैलन के पार हैं, यानी करीब 155 रुपए प्रति लीटर। इसके चलते ट्रक ड्राइवर, किसान और माल ढुलाई कारोबारी परेशान हैं। ट्रम्प सरकार चाहती है कि इलेक्शन से पहले पर्याप्त डीजल सप्लाई हो सके।

इशाक डार के सामने राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर घेरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को किसी भी तरह सही नहीं ठहराया जा सकता। मंत्री ने कहा कि आतंकवाद से निपटने में दोहरा रवैया नहीं होना चाहिए। आतंकियों को पैसा देने, उनका समर्थन करने और उन्हें पनाह देने वालों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार भी बैठक में मौजूद थे। राजनाथ ने कहा कि आतंकवाद से निर्दोष लोगों की जान जाती है। इससे निवेश और कारोबार प्रभावित होते हैं, समाज में कट्टरता बढ़ती है। उन्होंने सदस्य देशों से आतंकवाद के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई करने की अपील की। राजनाथ ने अपने भाषण में पाकिस्तान या इशाक डार का नाम लेकर सीधे कोई आरोप नहीं लगाया। उन्होंने बिना नाम लिए चीन पर भी निशाना साधा और कहा कि कनेक्टिविटी के नाम पर किसी भी देश की संप्रभुता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

जुमे की बजाय अब रविवार को रहेगा वीकली अवकाश

- उत्तराखंड में मदरसों के लिए बन गया नया नियम

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में मदरसों को अब शुक्रवार की जगह रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। शिक्षा विभाग से मान्यता लेने वाले स्कूलों की तरह मदरसों को अब जुमे की बजाय रविवार को बंद रखा जाएगा। शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त और मान्यता के लिए आवेदन करने वाले 206 मदरसों पर ये नियम लागू रहेगा। राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण ने इस संबंध में शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त करने या मान्यता के लिए आवेदन करने वाले मदरसों को विभागीय मानकों और निर्धारित शैक्षिक व्यवस्था का पालन करना होगा।

इसी क्रम में शुक्रवार की छुट्टी की व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। अब इन मदरसों में अन्य विद्यालयों की तरह निर्धारित साप्ताहिक अवकाश व्यवस्था लागू होगी। उन मदरसों को भी ये नियम फॉलो करना होगा जो शिक्षा विभाग से मान्यता लेने की प्रक्रिया में हैं। प्राधिकरण का कहना है कि इसका उद्देश्य मदरसा शिक्षा को निर्धारित शैक्षिक मानकों के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था से जोड़ना है।

अब दिल्ली में भी बनेगा साबरमती जैसा रिवरफ्रंट

- यमुना किनारे 52 किमी लंबा कॉरिडोर होगा विकसित

नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट बनाने वाली कंपनी अब दिल्ली में यमुना किनारे रिवरफ्रंट विकसित करने में मदद करेगी। दिल्ली सरकार इसकी जिम्मेदारी साबरमती रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को सौंपने की तैयारी कर रही है। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के मुताबिक, कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन की फाइल आगे बढ़ा दी गई है। परियोजना दो चरणों में पूरी होगी। पहला पल्ला से वजीराबाद और दूसरा वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक होगा। कैबिनेट मंत्री के अनुसार रिवरफ्रंट डेवलप करने की जिम्मेदारी अहमदाबाद नगर निगम ने उठाई थी।



अमृतसर से लाए टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग में इस्तेमाल हथियार

- दो महिलाओं ने मुंबई तक पहुंचाया, शूटर रेहान की मां बोली-हरियाणा में छिपा मास्टरमाइंड

मुंबई (एजेंसी)। एक्टर टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग में इस्तेमाल हथियार अमृतसर से लाए गए थे। पुलिस के मुताबिक, हरियाणा के सोनीपत के कुणाल (21) और सुमित (19) ने लॉरेंस गैंग के मेंबर अनिल पंडित के निर्देश पर एक पिस्टल और 20 कारतूस जुटाए। इसके बाद उत्तर प्रदेश की राधा (23) और बबीता (23) नाम की दो महिलाओं ने इन्हें मुंबई तक पहुंचाया। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कुणाल, सुमित, राधा और बबीता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, हथियार जुटाने और उन्हें शूटरों तक पहुंचाने में चारों का रोल था। इससे पहले पुलिस ने ऋतिक और हरियाणा के रेहान और फूल सिंह को कोटा से गिरफ्तार किया था।

- **अमृतसर से मुंबई तक हथियार सप्लाई की साजिश**– जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, कुणाल जुलाई में सोनीपत जेल से बाहर आया था। इसके बाद एक दोस्त ने उसकी मुलाकात लॉरेंस गैंग के मेंबर अनिल पंडित से कराई। दोनों एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप के जरिए बातचीत करने लगे। पुलिस को शक है कि अनिल विदेश में रहकर अपने नेटवर्क के लोगों को निर्देश दे रहा था। करीब दो हफ्ते पहले अनिल ने कुणाल को हथियार सौंपे थे।

कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट और नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति

- अमित शाह बोले-2029 तक पूरे देश को नशामुक्त बनाएंगे
- नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में 3,600 जवानों ने बलिदान दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के सामने लंबे समय से चली आ रही तीन बड़ी चुनौतियों- कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट और नक्सलवाद से प्रभावित इलाकों में अब शांति है। उन्होंने इन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई और प्रयासों की सराहना की। शाह ने नशे के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 दिसंबर 2029 तक भारत को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पुलिस बलों को मिलकर काम करना होगा। राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस पर दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में शाह ने शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में पुलिसकर्मियों का योगदान महत्वपूर्ण है और उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

नशे से देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान

शाह ने कहा कि नशे का कारोबार आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रहा है। इससे अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है और देशविरोधी संगठनों को आर्थिक मदद मिलती है। गृह मंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में बीएसएफ और सीआरपीएफ बटालियनों के योगदान की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, धैर्य और लगातार किए गए प्रयासों की भी तारीफ की। शाह ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक ड्यूटी के दौरान 36,852 पुलिसकर्मी जान गंवा चुके हैं। इनमें इस साल शहीद हुए 154 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारों के नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती।

पुलिसकर्मियों के बलिदान से देश मजबूत हुआ

शाह ने कहा कि आजादी के बाद भारत ने दुनिया में सम्मानजनक स्थान हासिल किया है। इसमें आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने और देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के बलिदान का बड़ा योगदान है। कार्यक्रम से पहले शाह ने करीब 90 पुलिस राइडर्स की देशव्यापी बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली में सुरक्षा जवानों और एनआईए के जवानों के साथ रेलवे सुरक्षा बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राष्ट्रीय जांच एजेंसी के कर्मी भी हिस्सा ले रहे हैं। रैली कई राज्यों से गुजरते हुए गुजरात के एकता नगर पहुंचेगी। यहां 31 अक्टूबर 2026 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित एकता परेड में राइडर्स शामिल होंगे। इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कोलकाता के पंडाल में भगदड़ के बाद भारी सख्ती

- दुर्गा विसर्जन की निगरानी के लिए 18 आईपीएस तैनात

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोलकाता और उसके आस-पास के तीन पुलिस कमिश्नरेट में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की निगरानी के लिए 18 आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि चोरबागान पंडाल में हुई भगदड़ (जिसमें 19 लोगों की जान चली गई थी) के बाद यह कदम उठाया गया है।

उन्होंने बताया कि इन 18 अधिकारियों में से 12 को कोलकाता में तैनात किया गया है, जबकि बाकी छह अधिकारी हावड़ा, बैरकपुर और चंदननगर कमिश्नरेट में विसर्जन प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। अधिकारी ने कहा, ये आईपीएस अधिकारी बुधवार से 24 अक्टूबर तक विसर्जन गतिविधियों की निगरानी करेंगे। सभी अधिकारियों के लिए अलग-अलग ड्यूटी शेड्यूल तैयार किए गए हैं।

मॉडल श्रद्धा दुबे के बाद अब करीबी दोस्त गिरफ्तार

लखनऊ (एजेंसी)। शिवा शर्मा हत्याकांड में लखनऊ पुलिस की नाकामी के बाद यूपी एसटीएफ की टीम पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ चुकी है। बीते मंगलवार को नागपुर से एसटीएफ ने श्रद्धा दुबे, रश्मि और ड्राइवर दानिश को गिरफ्तार किया। अब श्रद्धा के मददगारों की तलाश की जा रही है। यूपी एसटीएफ ने श्रद्धा दुबे के पुराने दोस्त आमिर शेख को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, आमिर शेख ने 9 अक्टूबर को वारदात के बाद श्रद्धा दुबे के फरार होने और नेपाल बॉर्डर तक सुरक्षित पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आमिर ने श्रद्धा दुबे के लिए एक फर्जी आईडी का इस्तेमाल करके सिम कार्ड भी खरीदा था। इससे पुलिस की सर्विलांस टीम से बचने में श्रद्धा कामयाब हुई।

मणिपुर में नहीं थम रहा है हिंसा का नया दौर

- अब कुकी व्यक्ति की गोली मारकर की गई हत्या
- कई इलाकों में आगजनी, पांच जिलों में हाहाकार

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांगपोकपी जिले में मंगलवार सुबह उग्रवादियों ने कुकी समुदाय के व्यक्ति पाओलेन खोंगसाई की गोली मारकर हत्या कर दी। वह पी मोल्डिंग गांव के एक अन्य व्यक्ति के साथ जंगल में बांस की कोपलें इकट्ठा करने गए थे तभी उग्रवादियों ने हमला किया। दूसरा व्यक्ति हमले में जान बचाकर भागने में सफल रहा। हत्या के विरोध में कमेटी आन ट्राइबल यूनिटी ने जिले में आधी रात से 24 घंटे के बंद का आह्वान किया है। सोमवार को इसी जिले में उग्रवादियों ने सुनरोक क्षेत्र में जलावन की लकड़ी बीन रहे मैतेयी समुदाय के 14 लोगों पर उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया था। इस गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई थी। इस बीच मैतेयी समुदाय के तीन

लोगों की हत्या के विरोध में मंगलवार को 48 घंटे के बंद के चलते घाटी के पांच जिलों में जनजीवन प्रभावित रहा। इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर, थौबल और काकचिंग में बाजार, शिक्षण संस्थान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

ईपिक नंबर वही, मतदाताओं के बदले गए नाम

- यूपी की वोटर लिस्ट में हेरफेर का गंभीर आरोप
- कांग्रेस ने एसआईआर पर चुनाव आयोग को घेरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं और उससे पहले नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे को यूपी कांग्रेस के नेताओं ने उठा लिया है।

प्रदेश कांग्रेस ने राज्य में मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी, ईपीआईसी नंबरों के समान रहते हुए नाम बदलने और 'वोट चोरी' का गंभीर आरोप लगाते हुए बुधवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इसे सही करने के लिए चुनाव आयोग से जरूरी कदम उठाने की मांग की। कांग्रेस की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा, सांसद इमरान मसूद और राष्ट्रीय प्रवक्ता मौजूद थे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

सुप्रीम कोर्ट से फिर की एसआईआर पर रोक लगाने की गुहार

पार्टी ने इस पूरे मामले में सर्वोच्च न्यायालय से हस्तक्षेप करने तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने की पुरजोर मांग की है। राजेंद्र पाल गौतम ने आंकड़े पेश किए और आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की आड़ में चुनावी नतीजों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया के बाद 10 अप्रैल को अंतिम ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की गई थी, लेकिन इसके बावजूद जुलाई से सितंबर के बीच सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए। राजेंद्र पाल गौतम के अनुसार, पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र में 13,150 मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर और सीरियल नंबर वही रखे गए, जबकि उनके नाम बदल दिए गए। इसके अलावा 804 असली मतदाताओं के नाम सूची से काट दिए गए और 2,600 ऐसे लोगों के नाम जोड़े गए जो क्षेत्र में रहते ही नहीं हैं। इस प्रकार अकेले एक विधानसभा क्षेत्र में कुल 16,554 वोटों में धांधली की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदाता सूची में इस तरह के बदलावों से मतदान के दिन आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और उनके लोकतांत्रिक अधिकार का हनन होगा।

हर जिले में हो मतदाता सूची की गहन जांच

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आराधना मिश्रा ने सरकार और आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में बिना उचित प्रक्रिया के मतदाताओं के नाम काटना पूरी तरह से गैर-कानूनी है। उन्होंने ऐलान किया कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में मतदाता सूचियों की व्यापक जांच अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा, प्रदेश में मतदाता सूची से नाम काटने की कार्रवाई कानून के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर उत्तर प्रदेश के हर जिले में मतदाता सूचियों की बारीक जांच कराएगी। हम इस मामले पर वरिष्ठ वकीलों से कानूनी राय ले रहे हैं और संगठन के स्तर पर भी मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे।

दिग्गजों की अग्निपरीक्षा, दांव पर निशांत-सम्राट-तेजस्वी-पीके की प्रतिष्ठा

बिहार एमएलसी चुनाव में पटना बनी हॉट सीट

पटना (एजेंसी)। बिहार में हो रहे एमएलसी चुनाव में विशेषकर पटना स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का इलेक्शन कई लोगों की प्रतिष्ठा से जुड़ गया है। वैसे तो सामूहिक रूप से प्रतिष्ठा सत्ता पक्ष से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेज प्रताप की तो बनती ही है। मगर, पटना स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर विशेष प्रतिष्ठा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत और जनसुराज के नायक प्रशांत किशोर की जुड़ गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जब से पटना स्नातक और पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रति अपनी रुचि दिखाई है, इस सीट से जीत-हार की प्रतिष्ठा इनसे भी जुड़ गई है।

- **राजद सुप्रीमो लालू यादव की भी प्रतिष्ठा दांव पर**– इस एमएलसी चुनाव में पटना स्नातक और पटना शिक्षक क्षेत्र की महत्ता इस बात से समझ सकते हैं कि इस चुनावी जंग में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव भी उतर गए हैं। अपरोक्ष रूप से तो वे अन्य उम्मीदवारों के लिए वोट मांग ही रहे हैं, मगर पटना स्नातक और पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए खुलकर सामने आकर बैटिंग करने लगे हैं। राजद सूत्रों की माने तो घर से बैठे-बैठे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने पटना, नालंदा और नवादा जिले के सीनियर नेताओं को फोन कर स्नातक से दिलीप पटेल को शिक्षक क्षेत्र से और डॉ संजीव कुमार को वोट करने की अपील कर रहे हैं। **नीतीश के बेटे निशांत की एंट्री रही दिलचस्प**– एमएलसी चुनाव में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार का उतरना भी उनकी प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। मगर, जिस तरह से उन्होंने पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को दिल पर लिया है और वे पूरी फौज के साथ नालंदा और नवादा के वोटरों से खुलकर अपील की है।

संक्षिप्त समाचार

ट्रेन एस्कॉर्ट ड्यूटी में शराब छिपाने पर जीआरपी स्टाफ गिरफ्तार, वायरल वीडियो के बाद कार्रवाई

हाजीपुर। हाजीपुर में गरीब रथ एक्सप्रेस में शराब छिपाने के आरोप में जीआरपी के प्रधान आरक्षी नरेंद्र सिंह और महिला होमगार्ड अर्चना कुमारी को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों छपरा से हाजीपुर तक ट्रेन में एस्कॉर्ट ड्यूटी पर थे। यह मामला अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12204) से जुड़ा है। हाजीपुर स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने के दौरान शराब से भरे बैग उतारे जाने का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद जीआरपी ने इस पर कार्रवाई की। जांच के दौरान, गिरफ्तार किए गए दोनों कर्मचारियों की जानकारी पर शराब के चार बैग बरामद किए गए। इन बैगों में करीब 27 लीटर अंग्रेजी शराब मिली। इस मामले में जीआरपी थाना हाजीपुर में बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है।

मेला देखकर लौट रहे दोस्तों को गाड़ी ने रौंदा, 2 की मौके पर मौत, तीसरा गंभीर रूप से घायल

हाजीपुर। वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र में महानवमी का मेला देखकर पैदल घर लौट रहे 2 किशोर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। वहीं तीसरे साथी की हालत गंभीर है। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। दरअसल, सोहन राय का बेटा अभिषेक कुमार उर्फ भुल्ला(17), विनोद राय का बेटा अमन कुमार(17) और आलोक राय का बेटा प्रीतम कुमार तीनों आपस में गहरे दोस्त थे। सोमवार की शाम तीनों महानवमी के मौके पर गोविंदपुर में लगे मेले को देखने गए थे। मेला घूमने के बाद तीनों पैदल ही अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे महुआ मेडिकल कॉलेज के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार वाहन ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों छात्र सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दौड़कर तीनों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही 10वीं के छात्र अभिषेक और अमन ने दम तोड़ दिया। वहीं, 9वीं कक्षा के छात्र प्रीतम कुमार को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही महुआ थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देर रात जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाने में जुटी है। वहीं महुआ थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में जांच की जा रही है। जल्द ही वाहन का पता लगा लिया जाएगा।"

पीड़ित परिवारों से मिले प्रशांत किशोर, बोले-सरकार के लोगों को पहुंचकर पीड़ितों का दुख बांटना काम है

हाजीपुर। वैशाली के राघोपुर में गंगा नदी में नाव पलटने से 13 लोगों की मौत के बाद जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर मंगलवार, 20 अक्टूबर को पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर उनके प्रति संवेदना जताई। इस हादसे में कई परिवारों ने अपने बच्चों को खो दिया है। घटना के बाद से ही इलाके में मातम पसरा हुआ है। राघोपुर के रामपुर श्यामचंद पंचायत के पास 13 अक्टूबर की रात गंगा नदी में नाव पलट गई थी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें अधिकांश बच्चे थे। बताया गया कि नाव पर सवार लोग दूसरे गांव में भोज खाने जा रहे थे। इसी दौरान नाव हादसे का शिकार हो गई। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया और नाव से नदी पार करने की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।

सरकार की भूमिका पर उठाए थे सवालः प्रशांत किशोर ने हादसे को बेहद दुखद बताते हुए बिहार सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि इतनी बड़ी त्रासदी के बाद पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर उनका दुख बांटना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राजनीतिक और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर पीड़ितों के साथ खड़े होने की जरूरत बताई थी। उन्होंने हादसे की निष्पक्ष जांच कराने और लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग भी की थी। उनका कहना था कि हादसे के कारणों का पता लगाना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

नाव की सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी पर सवालः हादसे के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाई की खबर सामने आई थी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, राघोपुर के अंचल अधिकारी को पद से हटाया गया। घटना के बाद नावों की सुरक्षा, नदी पार कराने की व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। प्रशांत किशोर के इस दौरे को पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताने और हादसे से जुड़े सवालों को फिर उठाने के रूप में देखा जा रहा है। उनके दौरे के दौरान परिवारों ने क्या मांगें रखीं और उन्होंने क्या नया बयान दिया, इसकी जानकारी मिलने पर खबर को अपडेट किया जा सकता है।

चाट-मोमोज विक्रेता के झगड़े में युवक को चाकू मारा, पेट में लगी चोट

घायल हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर

हाजीपुर। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के चौकसन बाजार में झगड़े के दौरान एक युवक को चाकू मार दिया गया। उसकी पहचान जुड़ावनपुर गांव के भूलन गिरी के बेटे सत्यम कुमार (20) के तौर पर हुई है। चाकू उसके पेट के निचले हिस्से में लगी है।

हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दियाः सत्यम ने बताया कि वह बाजार में बर्गर खा रहा था। इसी दौरान चाट दुकानदार बद्री सिंह और मोमोज विक्रेता डम्पर के बीच झगड़ा हो गया। आरोप है कि मोमोज विक्रेता के एक कर्मचारी ने सत्यम पर चाकू से हमला किया और मौके से भाग गया।

झगड़े के दौरान चाकू लगने का नहीं था पताः घटना के बाद घायल सत्यम को बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चाट दुकानदार बद्री सिंह ने बताया कि उन्हें झगड़े के दौरान चाकू लगने का पता नहीं था। लोगों से खबर मिलने पर उसे अस्पताल लाया गया। इस मामले में गोविंदपुर गांव के शिवम कुमार का नाम सामने आया है।

बड़ी देवी जी की प्रतिमा का हुआ विसर्जन, श्रद्धालुओं ने दिया कंधा

51 कन्याओं-महिलाओं ने उतारी आरती, भक्ति गीतों पर झूमे भक्त

एजेंसी, पटना

फुलवारी शरीफ के पेठिया बाजार में बुधवार को बड़ी देवी जी की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से हुआ। इसमें सदर बाजार की महिलाओं ने हिस्सा लिया और माता की प्रतिमा को कंधा दिया। विसर्जन से पहले 51 महिलाओं ने मां दुर्गा की आरती उतारी। इस दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों पर झूमे। माता के दर्शन और विसर्जन को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

सदर बाजार की पम्मी कुमारी और अंजली कुमारी ने बताया कि बड़ी देवी जी के विसर्जन में महिलाओं की भागीदारी सालों पुरानी परंपरा है। महिलाएं आरती उतारकर प्रतिमा को कंधा देती हैं। करीब एक सदी बीत जाने के बाद भी इस परंपरा को पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ निभाया जा रहा है। आज भी प्रतिमा विसर्जन के लिए कहारों को बुलाने की परंपरा कायम है। दुर्गा पूजा समिति के सदस्य अर्जुन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस पूजा की शुरुआत 1925 में स्वतंत्रता सेनानी मोतीलाल ने की थी। तब प्रतिमा विसर्जन के लिए कहारों को बुलाया जाता था।

झांकी रही आकर्षण का केंद्रः इस साल दुर्गा स्थान की प्रमुख उपलब्धियों में चैतन्य देवियों की जीवंत झांकी विशेष आकर्षण रही। इसमें महादुर्गा, महालक्ष्मी और महासरस्वती के साथ महिषासुर, कार्तिकेय और गणेश के स्वरूप प्रस्तुत किए गए।

समिति अध्यक्ष सुभाष नारायण ,अमर प्रकाश, रविशंकर, आनंद प्रकाश और अन्य सदस्यों ने बताया कि प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक आयोजन में महिलाओं की विशेष भागीदारी रहती है। यही परंपरा बड़ी देवी जी दुर्गा स्थान की विशिष्ट पहचान बनी हुई है।

पूजा पंडाल में लगी आग, माता की प्रतिमा विसर्जित करने गए थे समिति के लोग

एजेंसी, पटना

पटना में पूजा पंडाल में आग लग गई। पंडाल में कोई नहीं था। सभी मूर्ति विसर्जन के लिए गए थे। जब वे लोग लौटे तो देखा पंडाल में आग लगी है। किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। समय रहते आसपास के लोगों ने पंडाल से दूरी बना ली थी।

सूचना मिलने पर दमकल की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। टीम ने आग पर काबू पा लिया। फिलहाल अगलगी के कारण का पता नहीं चला है। घटना राजवंशी नगर स्थित आदर्श कॉलोनी की है। वहीं, दूसरी तरफ डाकबंगला चौराहे पर एक स्कूटी भी जल गई है।

समय रहते आग पर काबू पा लिया गयाः सचिवालय अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना मिली। इसके बाद आग बुझाने की कार्रवाई की गई। समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

डाकबंगला चौराहे पर स्कूटी में लगी आगः वहीं, दूसरी ओर पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित डाकबंगला चौराहे पर एक स्कूटी में अचानक आग लग गई। राहत की बात यह रही कि पूजा पंडाल के पास तैनात अग्निशमन विभाग की टीम ने तुरंत आग पर काबू पा लिया।

जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष के साथ मारपीट कार के बकाए पेमेंट को लेकर कॉलर पकड़ा

दोनों पक्षों में समझौते के बाद केस नहीं

एजेंसी, पटना



जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती के साथ कथित बदसलूकी और मारपीट की कोशिश का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो करीब 15 से 20 दिन पुराना बताया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि पार्टी कार्यालय के इस्तेमाल के लिए पिछले दो साल से ली गई कार का किराया नहीं मिलने से नाराज एक व्यक्ति ने मनोज भारती के साथ अभद्रता की थी। हालांकि, किराया भुगतान को लेकर किए जा रहे दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

कार से निकलते समय घेरने का आरोपः बताया जा रहा है कि मनोज भारती जब पार्टी कार्यालय से कार में बैठकर निकल रहे थे, तभी एक व्यक्ति ने कार्यालय परिसर में ही उन्हें घेर लिया। आरोप है कि इस दौरान उसने मनोज भारती के साथ अभद्रता की और उनका कॉलर पकड़कर थप्पड़ मारने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने बीच-बचाव किया और स्थिति को शांत कराया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में है।

पाटलिपुत्र थाने में दिया था आवेदनः इस मामले में मनोज भारती की ओर से पाटलिपुत्र थाने में आवेदन दिया गया था। पुलिस के मुताबिक, आवेदन केवल सूचना देने के उद्देश्य से दिया गया था। इसमें भविष्य में इस तरह की घटना नहीं होने देने की बात कही गई थी। आवेदन में FIR दर्ज करने की मांग नहीं की गई थी। पुलिस ने आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच की। जांच के दौरान जनसुराज की ओर से बताया गया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। कथित रूप से बदसलूकी करने वाले व्यक्ति ने माफी मांग ली है। इसी आधार पर FIR दर्ज नहीं की गई।

जनसुराज ने कहा- दोनों पक्षों में सुलहः घटना को लेकर जनसुराज का पक्ष जानने की कोशिश की गई। पार्टी की ओर से बताया गया कि मामले में दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गई है। फिलहाल, इस मामले में FIR दर्ज नहीं हुई है। कार के किराये को लेकर विवाद होने के दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

पढ़ाई छुड़ाने के लिए भतीजी को पीटा बचाने आए भाई-भाभी का सिर फोड़ा

एजेंसी, पटना

इंटर पास पीड़िता आगे पढ़ना चाहती है

पटना के बाढ़ में बुधवार को चाचा ने अपनी भतीजी की पिटाई कर दी। भतीजी पढ़ाई करना चाहती थी, पर चाचा इसके लिए राजी नहीं थे। पीड़िता को बचाने आए भाई-भाभी पर भी हमला हुआ है। उनके सिर फट गए हैं। पीड़िता संगीता कुमारी (20) है। उसने बताया कि मेरे मंझले चाचा कलेंद्र और छोटे चाचा रविद्र मुझे हाई एजुकेशन के लिए रोकते हैं। मैंने इंटर पास कर लिया है, अब पढ़ाई छोड़ने का दबाव बनाते हैं। मेरे पिता बाहर रहकर मजदूरी करते हैं, कल रात वे घर लौटे थे। पिता ने मेरा समर्थन किया है। इसी बात पर आक्रोशित होकर दोनों चाचाओं ने सुबह गुस्से में आकर मारपीट की।

आरोपियों ने अपने ही भाई, भाभी, भतीजे और भतीजियों समेत कुल पांच लोगों को बुरी तरह पीटकर लहुलूहान कर दिया। घटना बाढ़ थाना क्षेत्र के बेल्लौर गांव की है।

घायलों का चल रहा इलाजः घटना के बाद पीड़ित परिवार ने तुरंत स्थानीय थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। घायल परिवार का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जहां एक तरफ सरकार 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा देकर महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है, वहीं परिवार में अपनों द्वारा शिक्षा का विरोध करना चिंता का विषय है। थाना अध्यक्ष पुर्णेन्दु कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

नीरज अस्पताल से डिस्चार्ज, अनंत बोले-इस बार टोटका नहीं चलेगा, हमारी जीत तय

एजेंसी, पटना

बिहार विधान परिषद की 8 सीटों पर होने वाले चुनाव आज प्रचार का शोर थम गया है। एमएलसी चुनाव में जेडीयू के उम्मीदवार नीरज कुमार भी बुधवार को अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए। उन्होंने मंदिर जाकर माता का आशीर्वाद भी लिया। नीरज कुमार के अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह ने कहा कि हम तो कल ही कह दिए थे कि उनका टोटका है। उ टोटका करते हैं तो उ टोटका इस बार काम नहीं करेगा।

अस्पताल में भर्ती वशिष्ठ नारायण सिंह से अनंत सिंह ने आज मुलाकात भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे पता चला था कि दादा की तबीयत खराब हो गई थी, इसलिए आज मिलने आया हूं।

नीरज कुमार की बिगड़ी थी तबीयतः बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जेडीयू प्रत्याशी और सीटिंग MLC नीरज कुमार की तबीयत बिगड़ गई थी। हार्ट की परेशानी के बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में ICU में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की शाम सीएम सम्राट चौधरी और डिप्टी सीएम विजय चौधरी हाल चाल जानने हॉस्पिटल पहुंचे थे। आज नीरज कुमार को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

अनंत सिंह ने कहा था- बीमार होने की आदत पुरानीः नीरज कुमार के बीमार होने पर अनंत सिंह ने कहा कि ये पुरानी आदत है। जदयू विधायक ने कहा कि बूथ पर पैसा भेजना होगा तो वो बीमार हो जाएंगे। अस्पताल में भर्ती हो जाएंगे फिर दो घंटा बाद ठीक होकर आ जाएंगे।

नीरज का विरोध कर रहे हैं अनंत सिंहः अनंत सिंह खुलकर जन सुराज के उम्मीदवार डॉ. अनुज सिंह के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। वह नीरज कुमार के खिलाफ कई बार बयान दे चुके हैं। वहीं, नीरज कुमार भी बिना नाम लिए अनंत सिंह पर पलटवार कर चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच विवाद की शुरुआत पुराने राजनीतिक विरोध और विधानसभा चुनाव के दौरान एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार करने की शिकायतों से जुड़ी है। विवाद को खत्म कराने के लिए केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने भी हस्तक्षेप किया था, लेकिन अनंत सिंह ने नीरज कुमार के समर्थन में आने के बजाय अनुज सिंह का साथ देने का फैसला किया।

पीके कैंडिडेट के लिए किया रोड शोः मोकामा विधायक अनंत सिंह पटना स्नातक से जदयू कैंडिडेट नीरज कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने खुला ऐलान किया है कि वो नीरज कुमार की जमानत जब्त करवा देंगे। अनंत सिंह ने प्रशांत किशोर के कैंडिडेट अनुज सिंह के समर्थन में कई रोड शो भी किया।

पटना में 23-25 जुटेंगे 500 से ज्यादा सर्जन

एजेंसी, पटना

पटना में 23 से 25 अक्टूबर तक एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया की बिहार शाखा का 45वां वार्षिक सम्मेलन 'बेसिकॉन-2026' होगा। इसमें देशभर के 500 से ज्यादा सर्जन रोबोटिक सर्जरी और AI के इस्तेमाल पर चर्चा करेंगे। यह सम्मेलन ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।

आईजीआईएमएस के अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि इसमें बिहार और दूसरे राज्यों के विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल होंगे। इसका मकसद सर्जरी में नई तकनीकों को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में 150 से ज्यादा शोधपत्र और 30 से ज्यादा व्याख्यान होंगे, जिससे युवा डॉक्टरों को नई तकनीकें सीखने का मौका मिलेगा।

नई तकनीकों पर होंगे 30 से ज्यादा व्याख्यान

आईजीआईएमएस के सहयोग से सम्मेलनः सम्मेलन का आयोजन एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया की बिहार शाखा, आईजीआईएमएस के सहयोग से कर रही है। आयोजन अध्यक्ष डॉ. आलोक अभिजीत, आयोजन सचिव डॉ. मनीष मंडल, संयुक्त आयोजन सचिव डॉ. संजय कुमार और डॉ. नितेश कुमार हैं। आयोजन समिति के अनुसार, सम्मेलन से बिहार में सर्जरी की शिक्षा, शोध और इलाज की गुणवत्ता बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

बिहार में सुबह-रात हल्की ठंड होगी महसूस, दिन में धूप से हल्की गर्मी

एजेंसी, पटना

बिहार में मानसून की विदाई के बाद मौसम में बदलाव महसूस होने लगा है। सुबह और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे हल्की ठंड महसूस हो रही है। हालांकि, दिन में धूप निकलने से हल्की गर्मी बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, प्रदेश के ज्यादातर जिलों में आसमान साफ रहने के साथ साथ अगले एक सप्ताह तक मौसम सामान्य रहेगा। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। कुछ जिलों में सुबह में हल्का कोहरा छा सकता है।

नवंबर के पहले सप्ताह से बढ़ेगी ठंडः नवंबर के पहले सप्ताह से ठंड बढ़ने की संभावना है। सुबह और रात के तापमान में गिरावट के साथ लोगों को ठंडक अधिक महसूस हो सकती है। हालांकि, कड़ाके की ठंड को लेकर मौसम विभाग ने कोई पूर्वानुमान जारी नहीं किया है। अभी दिन में धूप निकलने से तापमान अपेक्षाकृत सामान्य बना रहेगा, जबकि सुबह और देर रात मौसम ठंडा महसूस होगा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश और उससे सटे पंजाब के ऊपर समुद्र तल से करीब 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके साथ मध्य क्षोभमंडल में एक ट्रफ भी मौजूद है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है।

पप्पू यादव का अनंत सिंह पर निशाना,बोले- 9 मर्डर की बात कहने वाले को समाज चुनाव जिताता है

एजेंसी, पटना

पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने एक बार फिर मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह और MLC प्रत्याशी अनुज सिंह पर निशाना साधा है। उन्होंने अनंत सिंह पर तंज कसते हुए कहा, 'वह खुद 9-9 मर्डर करने की बात कहते हैं। समाज ऐसे लोगों को चुनाव जिताता है।' उन्होंने दावा किया कि एक विधायक 40 करोड़ रुपये में बिकता है, जबकि एक शिक्षक 10 हजार रुपये में बिक जाता है। सांसद ने अनुज सिंह को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अनुज सिंह ने अपनी बेटी पर जुल्म किया और लड़कियों को छेड़ने का काम किया। पप्पू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा और नेताओं, पदाधिकारियों पर गंभीर टिप्पणी की।

यह समाज रेपिस्ट को जिताता है- पप्पू यादवः पप्पू यादव ने समाज के लोगों पर पैसे लेकर वोट देने का आरोप लगाया। उन्होंने शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों की खरीद-फरोख्त का जिक्र करते हुए कहा, 'एक विधायक 40 करोड़ रुपये में बिकता है, जबकि एक शिक्षक 10 हजार रुपये में बिकता है।' उन्होंने लड़कियों से चैट करने के आरोपों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया, 'क्या ऐसे लोगों को भी जनता वोट देगी।' पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि इस बार चुनाव में धनवान और आपराधिक छवि वाले लोग मैदान में हैं। पप्पू यादव ने एमएलसी प्रत्याशी अनुज सिंह को लेकर भी विवादित बयान दिया। उन्होंने चुनाव लड़ रहे लोगों की कथित आपराधिक छवि और समाज में उनके प्रभाव को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया, 'अनुज सिंह ने अपनी बेटी पर जुल्म किया और लड़कियों को छेड़ने का काम किया।'

पप्पू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, क्या आपको सबूत चाहिए। आपका पूरा मंत्रिमंडल एपस्टीन के उस कुकृत्य में घिरा हुआ है?' उन्होंने भगवान राम, भगवान कृष्ण, झांसी की रानी और फूलन देवी के उदाहरण देते हुए कहा कि अन्याय के खिलाफ लड़ने वालों को अलग-अलग नजरिए से देखा जाता है। पप्पू यादव ने तर्क दिया कि राम ने युद्ध किया तो उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया। कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए युद्ध किया तो उन्हें भगवान माना गया। झांसी की रानी हथियार उठाकर स्वतंत्रता सेनानी कहलाईं। वहीं, फूलन देवी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपने साथ हुए अत्याचार का बदला लेने के लिए हथियार उठाया, बावजूद इसके उन्हें डकैत कहा गया।

संक्षिप्त समाचार

भक्ति गीतों के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन, नम आंखों से दी विदाई

बीएनएम @ तुरकौलिया। प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए विसर्जन जुलूस में शामिल हुए। वहीं, महिलाओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आने की कामना की। तुरकौलिया बाजार, कवलपुर चौक, तुरकौलिया चौक, निमुईया चौक, शंकरसरैया चौक और बोरिंग चौक सहित विभिन्न स्थानों पर स्थापित प्रतिमाओं को निर्धारित मार्गों से होते हुए तुरकौलिया मन (नदी) में विसर्जित किया गया। विसर्जन को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नदी घाट पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जो श्रद्धालुओं की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए था। विसर्जन के दौरान नदी में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिसकर्मी विशेष सतर्कता बरतते नजर आए। वे छोटे-छोटे बच्चों को गहरे पानी में जाने से रोक रहे थे, ताकि किसी तरह का हादसा न हो। इसके अलावा नदी में नाव की भी व्यवस्था की गई थी। पुलिस की सतर्कता और प्रशासनिक इंतजामों के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, सीओ प्रभात कुमार, एसआई मनीष कुमार, अजय कुमार, अमरजीत कुमार, रामसेवक सिंह और अयोध्या राम सहित अन्य पदाधिकारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से पूजा एवं विसर्जन संपन्न कराने में सहयोग के लिए जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के सदस्यों और समाजसेवियों के प्रति आभार जताया।

एसएसबी की स्मृति परेड में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

बीएनएम @ रक्सौल। पुलिस स्मृति दिवस पर बुधवार को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 47वीं वाहिनी, रक्सौल में स्मृति परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान देश की सुरक्षा, शांति और अखंडता की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत वाहिनी के कमांडेंट संजय पांडेय ने अमर जवान स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर की। इसके बाद एक सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 के बीच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य पुलिस के शहीद जवानों के नाम पढ़कर सुनाए गए। अधिकारियों और जवानों ने वीर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर कमांडेंट संजय पांडेय ने कहा कि देश की शांति और अखंडता की रक्षा के लिए शहीद जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाना और कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में हुई ऐतिहासिक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों के अदम्य साहस, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाती है। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों और जवानों ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही राष्ट्र की सेवा में उनके त्याग और समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

सारण शिक्षक निर्वाचन के लिए पूर्वी चंपारण में मतदान की तैयारियां पूरी, 27 केंद्रों पर 23 अक्टूबर को होगा मतदान

» जिले में 1,743 शिक्षक मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 27 सेक्टर, 13 जोनल और 7 सुपर जोनल दंडाधिकारियों की तैनाती

» मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक; निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव के लिए 9 अंतरजिला और 36 अंतर्जिला चेक पोस्ट स्थापित

बीएनएम @ मोतिहारी

बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन-2026 के तहत पूर्वी चंपारण जिले में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आगामी 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी 27 प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में निर्वाचन कार्य के लिए गठित विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 1,743 मतदाता हैं, जिनमें 1,534 पुरुष और 209 महिला मतदाता शामिल हैं। सभी 27 मतदान केंद्रों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी पीठासीन पदाधिकारी के रूप में निर्वाचन कार्य संपन्न कराएंगे। निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दो चरणों में प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। वहीं, समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री यादव ने सामग्री कोषांग की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों पर भेजी जाने वाली सभी सामग्रियों का चेकलिस्ट के अनुसार मिलान कर लिया जाए, ताकि किसी भी मतदान केंद्र पर आवश्यक सामग्री की कमी नहीं रहे। बैठक के बाद जिलाधिकारी महावीर मध्य विद्यालय, लुअठहां पहुंचे, जहां सामग्री कोषांग कार्यरत है। यहां 22 अक्टूबर को निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को

पुनः प्रशिक्षण दिया जाना निर्धारित है। जिलाधिकारी ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिले में व्यापक निगरानी व्यवस्था की गई है। मतदान के दिन 27 सेक्टर बनाए गए हैं, जिनके लिए सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त 13 जोनल दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। प्रत्येक जोन के अंतर्गत दो से तीन सेक्टर रखे गए हैं। जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों को सुपर जोनल दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके लिए कुल सात सुपर जोनल दंडाधिकारी बनाए गए हैं, जिन्हें तीन से चार प्रखंडों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया की सतत निगरानी करना तथा किसी भी प्रकार की समस्या या अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। मतदान के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए अंतरजिला एवं अंतर्जिला चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। जिले में कुल नौ अंतरजिला चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जो मेहसी, कल्याणपुर, केसरिया, सुगौली, ढाका और पहाड़पुर प्रखंडों में स्थित हैं। इसके अलावा जिले के भीतर कुल 36 अंतर्जिला चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। इन चेक पोस्टों के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे और मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। बिहार विधान परिषद के सारण शिक्षक निर्वाचन-2026 के मद्देनजर पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष मतदान से दो दिन पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति के बाद अंतिम खैरियत प्रतिवेदन प्राप्त होने तक कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06252-242418 है। इसके माध्यम से निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं एवं गतिविधियों की निगरानी की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।

पखनहिया में खुला NX 100 पेट्रोल पंप, क्षेत्रवासियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

बीएनएम @ रामगढ़वा

प्रखंड के पखनाहिया स्थित पीपल चौक के समीप नए पेट्रोल पंप NX 100 का विधिवत उद्घाटन किया गया। सुगौली विधायक राजेश गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता एवं प्रखंड प्रमुख रीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पेट्रोल पंप का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान ज्योतिषाचार्य प्रो. सत्यदेव मिश्र ने विधि-विधान से पूजन कराया। इस अवसर पर पंप संचालिका आरती देवी के पति राकेश कुमार गुप्ता उर्फ डब्लू गुप्ता ने कहा कि पेट्रोल पंप के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाला ईंधन और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे वाहन चालकों को ईंधन के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

उद्घाटन समारोह में NX 100 के डायरेक्टर प्रदीप गुप्त, सेल्स मैनेजर आनंद गुप्ता, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विशाल गुप्ता, पूर्व मुखिया अर्जुन प्रसाद, देवीलाल प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, किसान सुबोध कुमार, जितेंद्र शर्मा, कृष्ण गुप्ता, संजय पाण्डेय, रामप्रकाश रौशन एवं धीरज गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर में 16 यूनिट रक्त संग्रह, अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़ाए मदद के हाथ

बीएनएम @ मोतिहारी

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) के महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, पीपराकोठी के सौजन्य से बुधवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान अब तक कुल 16 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है, जबकि रक्त संग्रह के लिए प्रयास जारी है। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण), पूर्वी चंपारण शैलेंद्र कुमार भारती तथा महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, पीपराकोठी के निदेशक डॉ. राघवेन्द्र

सिंह, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस.के. पूर्वे, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस.के. सिंह एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय सिंह मीना की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर अतिथियों को बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर की शुरुआत प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस.के. सिंह ने स्वयं रक्तदान कर की। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि रक्तदान एक महान मानव सेवा है, जिससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील करते हुए इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने पर भी जोर दिया। उन्होंने संस्थान के प्रशासनिक एवं संविदा कर्मचारियों से भी नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खानपान के प्रति सतर्क रहने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। शिविर में संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग देना रहा। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार, प्रधान सहायक रूपक वर्मा, लैब टेक्नीशियन अमोद कुमार, सुरेश चौधरी सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

श्री बाबू का संघर्ष, ईमानदारी और जनसेवा सदैव समाज को प्रेरित करती रहेगी : ई. शशि भूषण राय

बीएनएम @ मोतिहारी

बिहार केसरी एवं बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, गांधी आश्रम बंजरिया पंडाल, मोतिहारी में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई. शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय ने की, जबकि संचालन पूर्व प्रधानाध्यापक मदन प्रसाद कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने श्री बाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ई. शशि भूषण राय ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह ने बिहार के नवनिर्माण के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए, उनके लिए बिहारवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे। बिहार के

राजनीतिक एवं सामाजिक इतिहास में श्री बाबू का योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनका संघर्ष, ईमानदारी और जनसेवा का आदर्श हमें न्याय, समता और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आगामी 25 अक्टूबर 2026 को पटना के बापू सभागार में व्यापक स्तर पर श्री बाबू की जयंती मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही कांग्रेस के प्रमुख साथियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। श्री राय ने कहा कि पूर्वी चंपारण को हर वर्ष की तरह इस बार भी अपनी विशिष्ट पहचान कायम रखनी है और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाना है। कार्यक्रम के अंत में आदापुर के पूर्व विधायक स्वर्गीय रामप्रीत राय को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह, विजय शंकर पांडेय, चुमन यादव, मो. आबिद हुसैन, रमेश कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार झा, किरण कुमारी, मुन्नी देवी, चंदेश्वर प्रसाद सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, शशि भूषण यादव, मो. अहमद हुसैन अंसारी, मोख्तार आलम, विक्की कुमार, गणेश केसरी, दिग्विजय सिंह, मो. खलीलुर्रहमान, मो. कामिल अख्तर, मो. नेयाज अहमद, महेंद्र पाठक, हरि किशोर पटेल, मो. अनवर आलम, लालबाबू उर्फ बच्चू जी, सुमन सिंह, उमेश ठाकुर, पवन कुमार सिंह, प्रिंस मिश्रा, अवनीश कुमार, कुमार केशव, ब्रजेंद्र कुमार तिवारी, नंद कुमार चौबे, विश्वनाथ चौरसिया, मोख्तार प्रसाद गुप्ता, मदन मोहन सिंह और मनोरंजन तिवारी सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

नवंबर में होगा चंपारण प्रीमियर लीग का आगाज, छह टीमें लेंगी हिस्सा

पहली बार आयोजित होगा टी-20 टूर्नामेंट, युवा खिलाड़ियों को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का मौका

बीएनएम @ मोतिहारी

ईस्ट चंपारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (ईसीडीसीए) के तत्वावधान में पहली बार चंपारण प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। आगामी 20 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में पूर्वी और पश्चिमी चंपारण की कुल छह टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के साथ ही युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। बुधवार को शहर के चांदमारी स्थित डोसा प्लाजा परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य एवं ईसीडीसीए के पूर्व सचिव-सह-कन्वेनर ज्ञानेश्वर गौतम ने टूर्नामेंट

की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में सीनियर खिलाड़ियों के साथ अंडर-16 और अंडर-19 आयु वर्ग के दो-दो खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, बीसीए के राष्ट्रीय स्तर के दो-दो खिलाड़ियों को प्रत्येक टीम में गेस्ट प्लेयर के रूप में जगह दी जाएगी। इससे युवा और उभरते खिलाड़ियों को अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलने तथा उनसे सीखने का अवसर मिलेगा। श्री गौतम ने बताया कि लीग चरण में प्रत्येक टीम को पांच-पांच मैच खेलने का मौका मिलेगा। लीग मुकाबलों के बाद अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहने वाली दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। खिलाड़ियों के चयन के लिए नवंबर के प्रथम सप्ताह में मोतिहारी में ट्रायल आयोजित किया जाएगा। ट्रायल के आधार पर टीमों का गठन कर उनकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि मोतिहारी में टर्फ विकेट उपलब्ध नहीं होने के कारण टूर्नामेंट के सभी मुकाबले पटना के मसौढ़ी स्थित पंकज स्पोर्ट्स एकेडमी ग्राउंड पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान छहों टीमों के खिलाड़ियों और टीम स्टाफ के ठहरने, भोजन तथा आवागमन की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की जाएगी। ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी जीके स्पोर्ट्स प्रतिष्ठान से संपर्क कर पंजीकरण फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आयोजन समिति के सदस्य राशिद जमाल खान, प्रकाश कुमार कन्हैया, प्रीतेश रंजन, गुलाब खान, नवनीत कुमार, एजाज अंसारी और अभिषेक कुमार छोटू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

71वीं वाहिनी एसएसबी में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

बीएनएम @ मोतिहारी

71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), मोतिहारी में बुधवार को कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के नेतृत्व में पुलिस स्मृति दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त कार्यक्रम के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया गया। साथ ही राष्ट्र की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनके अद्वितीय योगदान, अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। पुलिस स्मृति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस का ऐतिहासिक महत्व वर्ष 1959 की उस घटना से जुड़ा है, जब लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में भारत-चीन सीमा पर गश्त कर रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों पर चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था। इस मुठभेड़ में 10 भारतीय पुलिसकर्मी वीरगति को

प्राप्त हुए थे। उन्हीं वीर जवानों के बलिदान की स्मृति में प्रत्येक वर्ष पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों के त्याग, समर्पण एवं वीरता को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने तथा राष्ट्र की सेवा और सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प दोहराया गया। पुलिस स्मृति दिवस उन सभी वीर पुलिसकर्मियों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने देश की सुरक्षा, शांति और नागरिकों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। 71वीं वाहिनी एसएसबी, मोतिहारी में आयोजित यह कार्यक्रम शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति को आत्मसात करने की प्रेरणा भी देता है।

दस साल से सड़क को तरसे ग्रामीणों ने बीजेपी विधायक लालबाबू प्रसाद को घेरा

» चिरैया के खरतरी पंचायत में सड़क निर्माण में देरी को लेकर ग्रामीणों और विधायक के बीच तीखी बहस; घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बीएनएम @ मोतिहारी

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद जनप्रतिनिधियों के चुनावी वादों और विकास कार्यों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच, पूर्वी चंपारण जिले के चिरैया विधानसभा क्षेत्र स्थित खरतरी पंचायत में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। यहां स्थानीय भाजपा विधायक लालबाबू प्रसाद को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने उन्हें घेरकर वर्षों से लंबित सड़क निर्माण की मांग उठाई और विकास कार्यों का हिसाब मांगा। जानकारी के

मुताबिक, दुर्गापूजा के अवसर पर अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर निकले विधायक लालबाबू प्रसाद जब चिरैया प्रखंड की खरतरी पंचायत पहुंचे, तो स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान लोगों ने इलाके में सड़क नहीं बनने को लेकर नाराजगी जताई और लंबे समय से चली आ रही समस्या पर जवाब मांगा। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले करीब दस वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हुआ। इसके कारण उन्हें रोजाना आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की नाराजगी इस बात को लेकर भी थी कि लंबे समय से बुनियादी सुविधा की मांग उठाए जाने के बावजूद उनकी समस्या पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। इसी मुद्दे को लेकर विधायक के सामने लोगों ने अपनी बात रखी और सड़क निर्माण की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। विधायक और ग्रामीणों के बीच बातचीत के दौरान तीखी बहस भी हुई। ग्रामीणों ने कहा कि जनता अपने प्रतिनिधियों को क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं की उम्मीद के साथ चुनती है। ऐसे में वर्षों से लंबित सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। विधायक ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों का जोर इस बात पर था कि उन्हें केवल आश्वासन नहीं, बल्कि सड़क निर्माण को लेकर ठोस पहल और काम शुरू होने की उम्मीद है।इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की गई है। खरतरी पंचायत की यह घटना ग्रामीण इलाकों में सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति और विकास कार्यों की गति पर सवाल खड़े करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क का अभाव न केवल आवागमन को प्रभावित करता है, बल्कि लोगों के दैनिक जीवन और जरूरी सेवाओं तक पहुंच में भी परेशानी पैदा कर सकता है। चुनाव के दौरान विकास की उम्मीद रखने वाले ग्रामीण जब लंबे समय तक अपनी समस्याओं का समाधान नहीं देख पाते, तो उनकी नाराजगी सामने आना स्वाभाविक है। खरतरी पंचायत में ग्रामीणों का विरोध इसी असंतोष को उजागर करता है। फिलहाल, ग्रामीणों की प्रमुख मांग सड़क निर्माण शुरू कराने की है। अब देखना होगा कि संबंधित स्तर पर इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं और करीब दस वर्षों से सड़क की प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों को राहत कब मिलती है।

संक्षिप्त समाचार

भवानीपुर गांव में ऑटो पलटने से कई लोग घायल, अस्पताल में कराया गया भर्ती

सिकटा प्रखंड में मंगलवार को हुआ हादसा, दुर्घटना के बाद मौके पर मची अफरा-तफरी

बीएनएम @ सिकटा। जिले के सिकटा प्रखंड अंतर्गत भवानीपुर गांव में मंगलवार को तीन पहिया ऑटो पलटने से कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए आगे आए और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज कराया गया। फिलहाल, हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं, घायलों की संख्या और उनकी वर्तमान स्थिति के संबंध में भी विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। घटना को लेकर आगे की जानकारी मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस ने तीन आरोपितों को किया गिरफ्तार

बीएनएम @ बगहा। बगहा पुलिस जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 14 वारंट का निष्पादन और दो मामलों में कुर्की की कार्रवाई पूरी की गई। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नदी थाना पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अंकित राजभर, पिता जितु राजभर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई की। धनहा थाना पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मधुसूदन वर्मा, पिता रमेश वर्मा को गिरफ्तार किया। वहीं, चौतरवा थाना पुलिस ने बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2022 की धारा 37 के तहत पवन राज, पिता बलिस्टर राव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई की। यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान 353 वाहनों की जांच की गई, जिसमें शमन शुल्क के रूप में 44 हजार रुपये वसूले गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत

बीएनएम @ नौतन। थाना क्षेत्र के बनकटवा गांव में मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से करीब 60 वर्षीय बच्चा राव की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार, बच्चा राव रात में किसी काम से बाहर निकले थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। पुत्री की शादी हो चुकी है। बताया जाता है कि एक पुत्र मानसिक रूप से अस्वस्थ है, जबकि दूसरा दूसरे प्रदेश में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। घटना की सूचना मिलने के बाद बाहर रह रहा पुत्र भी घर लौटने की तैयारी में जुट गया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन की पहचान कर चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना में शामिल वाहन की तलाश की जा रही है।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में नामजद आरोपित गिरफ्तार

बीएनएम @ बगहा। नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में धनहा थाना पुलिस ने नामजद आरोपित मधुसूदन वर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करते हुए पीड़िता को चिकित्सकीय जांच के लिए जीएमसीएच, बेतिया भेजा है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 20 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 6:30 बजे एक महिला ने धनहा थाना में आवेदन देकर मधुसूदन वर्मा पर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप लगाया था। आवेदन के आधार पर धनहा थाना कांड संख्या 380/26 दर्ज कर मधुसूदन वर्मा, पिता रमेश वर्मा, निवासी मधुवा, थाना धनहा, जिला पश्चिम चंपारण को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। मामले की आगे जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में धनहा थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक अमित कुमार सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शामिल थे।

भरड़ा में महिला से मारपीट का आरोप

बीएनएम @ मड़वन(मुजफ्फरपुर)। करजा थाना क्षेत्र की बड़कागांव पंचायत के भरड़ा गांव में महिला से मारपीट, गाली-गलौज और छेड़खानी के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता सबीला खातून ने महिला थाना में आवेदन देकर पड़ोस के नबी हुसैन, मो. जाहुल, मो. हुसैन, हकीदन खातून और समीना खातून सहित अन्य पर आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार, 18 अक्टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे विवाद हुआ। पीड़िता ने घर में घुसकर अश्लील हरकत करने, कपड़े फाड़ने, दुष्कर्म का प्रयास करने, मारपीट और जेवर व नकदी से संबंधित सामान ले जाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपनी गर्भवती बहू के साथ भी मारपीट कर घायल करने की बात कही है। परिजनों के अनुसार, घायलों का मड़वन सीएचसी में इलाज कराया गया, जहां से उन्हें एसकेएमसीएच भेजा गया। पीड़िता ने घटना के संबंध में घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे का हवाला भी दिया है। बुधवार को महिला थाना और करजा पुलिस के साथ सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। एसडीपीओ ने बताया कि प्रारंभिक छानबीन में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है और दुष्कर्म का मामला नहीं पाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पारू में दो सड़क हादसा, महिला समेत दो की मौत

बीएनएम @ मुजफ्फरपुर। पारू थाना क्षेत्र में 19 अक्टूबर को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव निवासी राजगीर राय की 48 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी लालू छपरा मलाही मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि उर्मिला देवी अपने पुत्र के साथ पूजा करने गई थीं। इसी दौरान मलाही मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। वहीं, जाफरपुर-बैसठा मुख्य मार्ग पर फुलाढ़-जाफरपुर गांव की सीमा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार 26 वर्षीय किशोर कुमार की मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता मो. शमीम के अनुसार, किशोर कुमार मूल रूप से सरैया थाना क्षेत्र के शहदानी गांव निवासी सत्यनारायण राम के पुत्र थे। किशोर अपने बहनोई प्रदीप के यहां फुलाढ़ गांव में रहते थे।

डूबे युवक का दूसरे दिन भी सुराग नहीं

बीएनएम @ मुजफ्फरपुर। पारू थाना क्षेत्र के बाजीतपुर गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बाया नदी में डूबे 40 वर्षीय शंभु कुमार सिंह का बुधवार को दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल सका। युवक की तलाश जारी है, लेकिन उसका पता नहीं चलने से स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान बाजीतपुर गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के पुत्र शंभु कुमार सिंह बाया नदी में डूब गए थे। घटना के बाद से ही स्वजन और ग्रामीण उनकी तलाश में जुटे हैं। बुधवार को भी सफलता नहीं मिलने से परिवार की बेचैनी बढ़ती जा रही है। स्वजन अनहोनी की आशंका से परेशान हैं और बेसब्री से उनके मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। गांव के लोग भी घटना से दुखी हैं।

मेले से लौट रहे दो दोस्तों पर गोलीबारी, एक युवक घायल

बीएनएम @ मुजफ्फरपुर। बोचहां थाना क्षेत्र के दहिबन मोहनपुर गांव में सोमवार रात मेला देखकर लौट रहे दो दोस्तों पर बाइक सवार बदमाशों ने गोलीबारी कर दी। घटना में आशिक कुमार के हाथ में गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक गांव के पास आयोजित मेला देखकर घर लौट रहे थे।

24 अक्टूबर को सजेगी रूहानी महफिल देशभर से जुटेंगे उलमा व शोअरा

उर्स-ए-मुक़द्दस के अवसर पर जश्न-ए-रिदा-ए-क़िरअत व जश्न-ए-दस्तार-ए-हुफ़्फ़ाज़-ए-किराम का होगा आयोजन

बीएनएम@ मेहसी

जिला के मेहसी स्थित दरगाह शरीफ़ में आगामी 24 अक्टूबर को उर्स-ए-मुक़द्दस व सरकार-ए-मेहसी कॉन्फ्रेंस के अवसर पर जश्न-ए-रिदा-ए-क़िरअत एवं जश्न-ए-दस्तार-ए-हुफ़्फ़ाज़-ए-किराम का भव्य आयोजन होगा। सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक चलने वाली इस रूहानी महफिल में देश के विभिन्न हिस्सों से उलमा-ए-किराम, मशाइख़ और शोअरा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम हाफ़िज़-ओ-क़ारी सैयद नूरानी रज़ा हलीमी अशरफ़ी साहब की सरपरस्ती और अल्लामा मौलाना सैयद नूर मियां हलीमी साहब की सदारत में होगा। सैयद शमीम अहमद साहब इसकी क़यादत करेंगे। निज़ामत हाफ़िज़-ओ-क़ारी सैयद शादाब अहमद हलीमी एवं मौलाना सैयद एजाज़ अहमद हलीमी करेंगे। वहीं, आयोजकों के अनुसार किछौछा शरीफ़ के सैयद जामी मियां अशरफ़ी, कोलकाता के इज़हार अशरफ़ और मुंबई के सुल्तान रज़ा विशेष रूप से शिरकत करेंगे। वहीं आज़म इक़बाल रामपुरी, संजर कलकत्तावी, तौक़ीर इलाहाबादी, जमशेद साहिल बरेलवी और पैकर चंपारनी सहित कई शोअरा अपने कलाम पेश करेंगे। इस अवसर पर जामिया बीबी शाह-ए-मदीना लिलबनात की छात्राओं के लिए जश्न-ए-रिदा-ए-क़िरअत आयोजित होगा। इसकी सरपरस्ती मोहतरमा शबाना परवीन हलीमिया तथा सदारत आलिमा फ़ाज़िला क़ारिया आयशा ख़ातून करेंगी। इसमें कई आलिमात व मुफ़्तियात के विशेष खिताब होंगे। आयोजन समिति ने लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

दुर्गा पूजा मेले का भव्य आगाज, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

बीएनएम@ रामगढ़वा

विजयादशमी के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा मेले का आगाज हो गया। यह मेला पांच दिनों तक चलेगा। 26 तारीख को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। महासप्तमी और विजयादशमी पर विभिन्न पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पूर्व विधायक ई. शशिभूषण सिंह ने विभिन्न पंडालों में पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की। मेले का विधिवत उद्घाटन बीडीओ राकेश कुमार, सीओ अमित कुमार और थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर संजीव मौआर ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष विजय सहनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मेले में इस बार मुख्य आकर्षण 60 फीट का टावर झूला और ब्रेक डांस झूला बना हुआ है, जिसे देखने दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेला परिसर में भारी संख्या में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। असामाजिक तत्वों और मनचलों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

सिंहासनी माई स्थान को पर्यटन स्थल बनने की जगी उम्मीद, डीएम-एसपी ने की पूजा

बीएनएम@ रामगढ़वा

प्रखंड के बंधुबरवा गांव स्थित प्रसिद्ध मां सिंहासनी माई स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की उम्मीद जगी है। सोमवार की शाम जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात अचानक अधिकारियों के साथ सिंहासनी माई स्थान पहुंचे। मंदिर परिसर में ज्योतिषाचार्य प्रो. सत्यदेव मिश्र और स्थानीय लोगों ने अधिकारियों का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच डीएम और एसपी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और संध्या आरती में शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय लोगों और पत्रकारों ने डीएम से मंदिर के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की। इस पर डीएम ने सकारात्मक पहल करते हुए प्रो. सत्यदेव मिश्र से मंदिर के इतिहास और विस्तार की जानकारी ली और सीओ अमित कुमार को मंदिर की भूमि का जल्द सीमांकन कराने का निर्देश दिया। सीओ ने बताया कि तीन दिन के अंदर पैमाइश कर रिपोर्ट जिला को भेज दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सिंहासनी माई स्थान बिहार के अलावा नेपाल और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। मौके पर एसडीएम नागमणि कुमार वर्मा, डीएसपी मनीष आनंद, बीडीओ राकेश कुमार सिंह, सीओ अमित कुमार, थानाध्यक्ष संजीव मौआर, बीपीआरओ इंद्रजीत कुमार दास, मुखिया मदन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लेंगे बीआरएबीयू के छह स्वयंसेवक

बीएनएम @ मुजफ्फरपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत 22 से 28 अक्टूबर 2026 तक गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के छह स्वयंसेवक भाग लेंगे। इनमें तीन स्वयंसेविकाएं और तीन स्वयंसेवक शामिल हैं। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. अनुराधा पाठक ने बताया कि चयनित स्वयंसेवक विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों से हैं। इनमें एलएस कॉलेज, मुजफ्फरपुर की प्रकृति कश्यप, एमडीडीएम कॉलेज, मुजफ्फरपुर की सिद्धिका गुप्ता, केसीटीसी कॉलेज, रक्सौल की सिमरन खातून, एलएनटी कॉलेज, मुजफ्फरपुर के ऐश्वर्य आनंद, नीतीश्वर कॉलेज, मुजफ्फरपुर के प्रभात रंजन और एलएनडी कॉलेज, मोतिहारी के अभिषेक कुमार शामिल हैं। इनका चयन ऑनलाइन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया था। 19 सितंबर 2026 को तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राहुल कुमार ने साक्षात्कार लिया था। चयनित स्वयंसेवकों को शुभकामना देते हुए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण शिविर केवल एक शिविर नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को जीने का अवसर है। इसमें विभिन्न राज्यों, भाषाओं और संस्कृतियों के युवा राष्ट्रसेवा के साझा लक्ष्य के साथ एकत्रित होते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक पूरे बिहार और देश की युवा शक्ति का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. विपिन राय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आलोक प्रताप सिंह, कुलसचिव प्रो. समीर कुमार शर्मा, उपकुलसचिव डॉ. अमर बहादुर शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनुराधा पाठक को बधाई दी। शिविर में झारखंड के आठ स्वयंसेवक और बिहार के छह स्वयंसेवक भाग लेंगे। झारखंड की दलनायक सहित कुल 15 सदस्यीय टीम बिहार-झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी।

नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई, 'अगले बरस तू जल्दी आना' के जयकारों से गूंजा पताही

» भक्ति गीतों पर झूमते-गाते निकले श्रद्धालु, विसर्जन जुलूस में उमड़ा जनसैलाब; नौ दिनों की आराधना के बाद भावुक माहौल में मां को दी गई विदाई।

बीएनएम@ पताही

शारदीय नवरात्र के समापन के बाद बुधवार को पताही प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मां की विदाई के अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। विभिन्न पूजा समितियों की ओर से निकाले गए विसर्जन जुलूस में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारे लगाते हुए पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। वहीं, विदाई की बेला में अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और हर किसी के मन में अगले वर्ष मां के पुनः आगमन की कामना रही। विभिन्न पूजा समितियों के विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ट्रैक्टर-ट्रेलर सहित अन्य वाहनों पर सवार होकर श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर झूमते-गाते विसर्जन स्थलों की ओर बढ़े। मां दुर्गा के जयकारों और भक्तिमय गीतों से पूरा इलाका गूंज उठा। जुलूस में एक ओर श्रद्धालुओं का उत्साह और उल्लास देखने को मिला, तो दूसरी ओर मां से बिछड़ने की भावुकता ने माहौल को मार्मिक बना दिया। विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रशासन की निगरानी में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही नौ दिनों तक चले पूजा-अर्चना, आराधना और उत्सव का समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से अपने परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की प्रार्थना की। मां की विदाई के साथ ही भक्तों के मन में अगले वर्ष फिर से उनके आगमन की प्रतीक्षा शुरू हो गई। जय माता दी के गगनभेदी जयकारों के बीच मां दुर्गा को विदाई देते श्रद्धालुओं की भावनाएं मानो एक ही संदेश दे रही थीं— 'मां, अगले बरस तू जल्दी आना।'

पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

बीएनएम @ बगहा

पुलिस संस्मरण दिवस पर बुधवार को बगहा पुलिस केंद्र में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों को सलामी अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा सहित सभी पुलिस उपाधीक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने देश और समाज की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों के साहस, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया। बगहा पुलिस परिवार की ओर से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा गया कि उनका त्याग, समर्पण और बलिदान सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। देश और समाज की सुरक्षा में उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा।

एसएसबी ने पुलिस स्मृति दिवस पर 154 शहीदों को दी श्रद्धांजलि

बीएनएम @ बगहा

21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बगहा की ओर से बुधवार को कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत के नेतृत्व में पुलिस स्मृति दिवस परेड आयोजित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। वाहिनी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कमांडेंट सहित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने शहीदों के सम्मान में पुष्प अर्पित कर शस्त्र सलामी दी। इसके बाद शहीद स्मारक पर वीर जवानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत ने पिछले वर्ष शहीद हुए केंद्रीय पुलिस बलों और विभिन्न राज्यों की पुलिस के कुल 154 जवानों के नाम ससम्मान पढ़े। उन्होंने शहीदों के बलिदान, अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम को याद करते हुए कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

एनएमएमएस क्लोन से फर्जी हाजिरी, तीन पर केस

बीएनएम@ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण के ढाका प्रखंड में एनएमएमएस क्लोन के जरिए मजदूरों की कथित फर्जी हाजिरी बनाने का मामला सामने आया है। कार्यस्थल पर एक भी मजदूर मौजूद नहीं था, जबकि मोबाइल ऐप पर मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की जा रही थी। मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपित लालबाबू पासवान को हिरासत में लिया है। मामला करमावा ग्राम पंचायत और बहलोलपुर गांव में संचालित वीबी-जी राम जी योजना से जुड़ा है। 18 अक्टूबर 2026 को अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना (ढाका) ने दोनों योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया था। जांच में करमावा पंचायत में पंचायत भवन परिसर में मिट्टी भराई एवं पेवर ब्लॉक निर्माण तथा बहलोलपुर गांव में बिनोद राम के घर से थागा प्रसाद के घर तक नाला एवं पीसीसी निर्माण कार्य शामिल था। जांच के दौरान सामने आया कि करमावा पंचायत की योजना में 11 से 18 अक्टूबर तक प्रतिदिन 133 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज थी, जबकि बहलोलपुर की योजना में 15 से 18 अक्टूबर तक प्रतिदिन 48 मजदूरों की हाजिरी बनाई गई थी। इसके बावजूद निरीक्षण के समय दोनों कार्यस्थलों पर कोई मजदूर काम करता नहीं मिला। जांच प्रतिवेदन के अनुसार, मोबाइल ऐप पर कथित तौर पर फर्जी तस्वीरें अपलोड कर उपस्थिति दर्ज की जा रही थी। इससे सरकारी राशि के गलत भुगतान और गबन की आशंका जताई गई है। जांच में यह भी सामने आया कि करमावा पंचायत में मेट के रूप में निबंधित रूपमाला देवी के नाम पर पंजीकृत मोबाइल नंबर का इस्तेमाल लालबाबू पासवान कर रहा था। जांच प्रतिवेदन में रूपमाला देवी और लालबाबू पासवान की संलिप्तता का उल्लेख किया गया है। मो. रिजवान को भी आरोपित बनाया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यक्रम पदाधिकारी, ढाका ने तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। ढाका थाना कांड संख्या 540/26, दिनांक 19 अक्टूबर 2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रशासन के अनुसार, पुलिस जांच में किसी सरकारी कर्मचारी, पदाधिकारी या तकनीकी पदाधिकारी की संलिप्तता सामने आने पर उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों, कनीय अभियंताओं और पंचायत रोजगार सेवकों को एनएमएमएस ऐप से दर्ज मजदूरों की उपस्थिति की नियमित जांच करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में फर्जी हाजिरी का मामला सामने आने पर जिम्मेदार कर्मियों और पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

लॉबिंग शक्ति जग-जाहिर

जजों ने कैंसर की दवा का उदाहरण दिया, जिसकी खुदरा कीमत करीब 3,000 रुपये है, पर उसे 27,000 रुपये में बेचा जाता है। कोर्ट ने वाजिब सवाल पूछा कि यह अंतर किसकी जेब में जाता है? दवाओं की खुदरा कीमत पर अतिरिक्त रकम (मार्क-अप) वसूलने की बढ़ी प्रवृत्ति को उचित ही सुप्रीम कोर्च ने 'कत्ल-ए-आम' कहा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने केंद्र से पूछा कि औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश- 2013 में खुदरा मूल्य पर तय 16 प्रतिशत का मार्जिन सभी आवश्यक दवाओं पर समान रूप से लागू क्यों नहीं किया जाता? जजों ने कैंसर की दवा का उदाहरण दिया, जिसकी खुदरा कीमत करीब 3,000 रुपये है, पर उपभोक्ताओं को उसे 27,000 रुपये में बेचा जा रहा है। कोर्ट ने वाजिब सवाल पूछा कि 'लगभग 24,000 रुपये का यह अंतर किसकी जेब में जाता है?' तो सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि यह लाभ दवा कंपनियों को नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों को मिलता है। तब खंडपीठ ने जिक्र किया कि प्राइवेट अस्पताल मरीजों को अपनी दवा दुकानों से औषधि खरीदने को मजबूर करते हैं। स्पष्टतः इस लूट का शिकार मरीज बनते है, जिनके पास अस्पताल की बात मानने के अलावा कोई और चारा नहीं होता। दरअसल, दवाओं की महंगाई और उनके जरिए मरीजों को चूना लगाने का चलन असह्य सीमा तक बढ़ चुका है। इसी सिलसिले में इस हफ्ते केरल हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया कि जब पेटेंटेड जीवन रक्षक दवाएं बहुत महंगी हो जाएं, तब केंद्र आम जन के हित में पेटेंट अधिनियम- 1970 की धारा 100 का उपयोग कर सकता है। यह धारा सरकार को गैर-व्यावसायिक आधार पर मरीजों को पेटेंट वाली दवाएं मुहैया कराने या किसी तीसरे पक्ष को इसका उपयोग करने की अनुमति देने का अधिकार देती है। हाई कोर्ट ने इसे संविधान के अनुच्छेद-47 (जन स्वास्थ्य संरक्षण) की भावना के अनुरूप बताया। यानी सरकार चाहे, तो अंधाधुंध मुनाफा कमाने में जुटी कंपनियों पर लगाम कसते हुए मजबूर मरीजों के हितों की रक्षा कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मार्क-अप वसूली की समस्या का हल निकालने का आश्वासन केंद्र ने दिया। लेकिन ये पहल सिर्फ खानापूरी नहीं रह जानी चाहिए। प्राइवेट अस्पताल और दवा कंपनियों की लॉबिंग शक्ति जग-जाहिर है। क्या केंद्र उनके बरक्स खड़ा होकर मरीज हितों की रक्षा कर पाएगा, यह महत्त्वपूर्ण प्रश्न है।

जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही सरगुजा की तस्वीर, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की ओर बढ़ रहे परिवार

जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही सरगुजा की तस्वीर

विकास की वास्तविक पहचान केवल सड़कों, भवनों और अधोसंरचनाओं के निर्माण से नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलाव से होती है। जब किसी परिवार का बिजली खर्च कम होने लगे, आर्थिक कठिनाइयों के बीच विद्यार्थी उच्च शिक्षा जारी रख सके, कोई महिला स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर परिवार की जिम्मेदारियों संभाले और एक उद्यमी उद्योग लगाकर रोजगार के अवसर विकसित करे, तब जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक प्रभाव दिखाई देता है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित परिवारों की कहानियां ऐसे ही बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत कर रही हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही सरगुजा की तस्वीर, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की ओर बढ़ रहे परिवारः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संचालित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहलों से नागरिकों को शिक्षा, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना और महतारी वंदन योजना जैसी पहलें जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ उनकी क्षमताओं को विकसित करने में भी सहायक बन रही हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही सरगुजा की तस्वीर, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की ओर बढ़ रहे परिवारः सरगुजा के पांच हितग्राहियों के अनुभव बताते हैं कि ये योजनाएं का लाभ जब लोगों की वास्तविक जरूरतों से जुड़ता है, तो उसका प्रभाव केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य को नई दिशा मिलती है। पीएम सूर्य घर योजनाः कभी घर से पांच हजार रुपये आता था बिजली बिल, अब सौर ऊर्जा से मिल रही राहतः बढ़ती घरेलू बिजली जरूरतों के बीच सौर ऊर्जा नागरिकों के लिए बिजली खर्च कम करने का उपयोगी विकल्प बन रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से घरों की छतों पर सोलर सिस्टम स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। अम्बिकापुर के बिलासपुर रोड स्थित मठपारा निवासी पंकज साहू ने इस योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर सोलर सिस्टम स्थापित कराया है। पंकज साहू बताते हैं कि पहले गर्मी के दिनों में उनके घर का मासिक बिजली बिल लगभग चार से पांच हजार रुपये तक पहुंच जाता था। घरेलू बिजली खर्च कम करने के उद्देश्य से उन्होंने योजना के पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया और सोलर सिस्टम लगवाया। इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार की ओर से 30 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल एक लाख आठ हजार रुपये की आर्थिक सहायता से सोलर सिस्टम स्थापित करने का खर्च कम हुआ। सोलर सिस्टम लगने के बाद उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है। पंकज साहू के अनुसार, कई बार घरेलू आवश्यकता से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में भेजी जाने के कारण उनका बिजली खाता क्रेडिट में भी दिखाई देता है। पहले जहां बिजली बिल परिवार के नियमित खर्च का महत्वपूर्ण हिस्सा था, वहीं अब घर की छत पर स्थापित सोलर सिस्टम बिजली खर्च में राहत देने के साथ स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का माध्यम बन गया है। पंकज साहू का अनुभव दर्शाता है कि सौर ऊर्जा के उपयोग से परिवार अपनी बिजली जरूरतों का एक हिस्सा स्वयं पूरा कर सकते हैं। इससे घरेलू खर्च कम करने के साथ पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को भी प्रोत्साहन मिलता है। छात्रवृत्ति बनी कृष्णा यादव की उच्च शिक्षा का सहारा, किताबों और कॉलेज आने-जाने के खर्च में मिली मददः शिक्षा किसी भी परिवार की सामाजिक और आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है, लेकिन सीमित आय वाले परिवारों के लिए उच्च शिक्षा से जुड़े खर्चों की व्यवस्था करना आसान नहीं होता। ऐसे विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं पढ़ाई जारी रखने का महत्वपूर्ण सहारा बन रही हैं। अम्बिकापुर के राजीव गांधी पीजी कॉलेज में बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र कृष्णा यादव की कहानी इसका उदाहरण है। कृष्णा के पिता कृषि कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। खेती से प्राप्त सीमित आय में परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों के साथ कॉलेज की पढ़ाई का खर्च उठाना चुनौतीपूर्ण होता है। किताबें, कॉपियां, अध्ययन सामग्री और कॉलेज आने-जाने पर होने वाला खर्च परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों को बढ़ा देता है। ऐसे में छात्रवृत्ति से मिलने वाली सहायता कृष्णा की शिक्षा को निरंतर जारी रखने में उपयोगी साबित हो रही है। कृष्णा छात्रवृत्ति की राशि का उपयोग पढ़ाई से संबंधित आवश्यक सामग्री खरीदने और आवागमन के खर्च में करते हैं। इससे उनके परिवार पर आर्थिक दबाव कम करने में मदद मिल रही है। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त करने का उनका प्रयास दर्शाता है कि छात्रवृत्ति योजनाएं जरूरतमंद विद्यार्थियों की अपनी प्रतिभा विकसित करने और भविष्य के लिए बेहतर अवसर तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। पीएमईजीपी से हर्षिता खत्री बनीं उद्यमी, 25 लाख रुपये के ऋण से स्थापित किया फर्नीचर निर्माण उद्योगः आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में स्वरोजगार और उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से इच्छुक उद्यमियों को स्वयं का उद्योग या व्यवसाय स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने का अवसर मिलता है। अम्बिकापुर की श्रीमती हर्षिता खत्री ने इस योजना के अंतर्गत 25 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर फर्नीचर निर्माण उद्योग स्थापित किया है। श्रीमती हर्षिता खत्री साईं इंडस्ट्रीज एंड प्रोडक्ट की प्रोपराइटर हैं। उनके पति दिलीप खत्री उद्योग के संचालन और प्रबंधन में सहयोग करते हैं। परिवार लंबे समय से स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहता था, लेकिन पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं होने के कारण यह सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। जिला व्यापार एवं उद्योग कार्यालय से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिलने के बाद हर्षिता खत्री के नाम से ऋण के लिए आवेदन किया गया। ऋण स्वीकृत होने पर फर्नीचर निर्माण इकाई की स्थापना संभव हो सकी। इस इकाई में पार्टिकल बोर्ड से टेबल, ऑफिस टेबल, ड्रेसिंग टेबल, सोफा, पलंग और अलमारी सहित विभिन्न प्रकार के फर्नीचर तैयार किए जाते हैं। उद्योग स्थापना से हर्षिता खत्री के परिवार को स्वरोजगार का अवसर मिला है, वहीं इकाई से जुड़े कर्मचारियों की आजीविका को भी सहारा मिल रहा है। हर्षिता की सफलता बताती है कि उद्यमिता के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध होने पर लोग अपने व्यावसायिक विचारों को वास्तविक उद्योग में बदल सकते हैं। ऐसे उद्यम स्थानीय स्तर पर उत्पादन गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के अवसर विकसित करने में भी योगदान देते हैं। पति के निधन के बाद चार बेटियों की जिम्मेदारी, सक्षम योजना से इंदु लता ने शुरू किया डेयरी व्यवसायः महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरक तस्वीर श्रीमती इंदु लता गुप्ता के जीवन में दिखाई देती है। पति के निधन के बाद चार बेटियों के पालन-पोषण और उनकी शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। परिवार के पास नियमित आय का पर्याप्त साधन नहीं था। ऐसे में घर चलाने के साथ बेटियों की पढ़ाई जारी रखना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया था। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और स्वरोजगार के माध्यम से परिवार को संभालने का निर्णय लिया। इसी दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से उन्हें छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना की जानकारी मिली। योजना के अंतर्गत एक लाख रुपये का ऋण प्राप्त होने पर उन्होंने अपनी ओर से भी राशि मिलाकर दो भैंसें खरीदीं और डेयरी व्यवसाय की शुरुआत की। अब दोनों भैंसों से प्राप्त दूध की बिक्री उनके परिवार की आजीविका का सहारा बन रही है। इंदु लता के लिए डेयरी व्यवसाय का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि वे अपनी चारों बेटियों की शिक्षा जारी रख पा रही हैं। उनकी एक बेटी मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत है, दूसरी इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है और दो अन्य बेटियां स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। लेखक सहायक संचालक, जनसंपर्क,सहायक सूचना अधिकारी हैं।

विपक्ष की विश्वसनीयता का संकट

रजनीश अग्रवाल

भारत में विपक्ष आज गंभीर विश्वसनीयता के संकट से गुजर रहा है। लगातार जिस प्रकार के विषय, विचार और मुद्दे विपक्ष उठा रहा है, वे न तो तर्कसंगत हैं और न ही तथ्यपरक। आम आदमी की बुनियादी सुविधाओं से लेकर आकांक्षी भारत की अपेक्षाओं और देश की नीतिगत चुनौतियों तक, विपक्ष प्रभावी भूमिका में दिखाई नहीं देता। जनता के वास्तविक प्रश्नों पर ठोस विकल्प देने के बजाय वह नैरेटिव की ऐसी आभासी लड़ाई में उलझा है, जिसकी बुनियाद कई बार तथ्यों से अधिक मात्र राजनीतिक आरोपों पर दिखाई देती है।लोकतंत्र में सरकारों की समीक्षा बहुत होती है लेकिन विपक्ष की नहीं।देश ने विपक्ष को संवैधानिक भूमिका सौंप रखी है। विपक्ष अपनी इस जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता । संकट तब और गहरा जाता है जब अपनी यह भूमिका निभाना तो दूर बल्कि विपक्ष का नेतृत्व हठधर्मी हो जाए एवं उसपर सामंती अहंकार सवार हो।देश को अराजकता पर धकेलने का प्रयास होता है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक कांग्रेस स्वयं या विभिन्न दलों के समर्थन से केंद्र की सत्ता में रही। देश की आर्थिक नीतियों, बजट, प्रशासनिक व्यवस्था और विकास की दिशा तय करने में उसकी निर्णायक भूमिका रही। बीच में गैर-कांग्रेसी सरकारें भी आईं, लेकिन कई दशकों तक राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस का प्रभुत्व रहा। इसलिए उसके लंबे शासन की उपलब्धियों के साथ उसकी विफलताओं और नीतिगत निर्णयों की जवाबदेही से भी उसे बचाया नहीं जा सकता। समय के साथ भ्रष्टाचार के आरोप, प्रशासनिक अकर्मण्यता, नीतिगत असमंजस और नेतृत्व से जुड़े प्रश्न राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आए। जनता के बीच असंतोष बढ़ा और कांग्रेस का राजनीतिक आधार कमजोर होता गया। 2014 में इस असंतोष ने निर्णायक रूप लिया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया और केंद्र में भाजपा नीत सरकार बनी। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक व्यवस्था के प्रति जनता के बदलते रुझान का स्पष्ट संकेत था। यहीं से विपक्ष के सामने आत्ममंथन का अवसर था। चुनावी पराजय के कारणों को समझना, संगठन और नेतृत्व की कमियों को स्वीकार करना तथा जनता के सामने नई नीतियों और नए विकल्प के साथ जाना किसी भी लोकतांत्रिक दल का स्वाभाविक रास्ता होना चाहिए। विपक्ष के एक हिस्से ने इसके बजाय चुनावी जनादेश पर ही प्रश्न उठाने शुरू कर दिए। माइनॉरिटेरियन डेमोक्रेसी, पोस्ट ट्रुथ पॉलिटिक्स, मेनूफ़ैक्चरड वेब जैसे शब्द गढ़ कर 2014 के जनादेश को झुठलाने का प्रयास हुआ।

बाद में ईवीएम के बहाने नए जनादेश को ग़लत बताया जाने लगा। चुनाव प्रक्रिया पर प्रश्न उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है लेकिन गंभीर आरोपों को प्रमाणित करना भी उतना ही आवश्यक है। निर्वाचन आयोग ने ईवीएम में कथित छेड़छाड़ को प्रदर्शित करने का अवसर राजनीतिक दलों को दिया। इसके बावजूद आज तक ऐसा कोई प्रमाणित मामला सामने नहीं आया जिसने यह सिद्ध किया हो कि देश के चुनावों में ईवीएम के माध्यम से व्यवस्थित रूप से जनादेश बदला गया। वीवीपीएटी और मतगणना की निर्धारित प्रक्रियाएँ चुनावी सत्यापन का हिस्सा हैं। क्या आज तक किसी भी मतदान केंद्र पर ईवीएम की गणना और वीवीपेट पर्ची की गणना में कोई अंतर पाया गया ? क्या इस बारे में कोई इसे गलत ठहराते हुए किसी प्रकरण पर न्यायालय ने कोई निर्णय दिया है ? प्रश्न ईवीएम पर सवाल उठाने का नहीं, बल्कि उस सवाल को प्रमाणित करने का है। किसी आरोप को लगातार दोहराने से वह तथ्य नहीं बन जाता। लोकतंत्र में संदेह की जगह है, लेकिन संदेह को प्रमाण का स्थान नहीं दिया जा सकता।

अब इस बार चुनाव आयोग को ही संदिग्ध बनाने के कार्य किया जा रहा है। स्ढ्क्र के बहाने या कभी किसी अख़बार की खबर के आधार पर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े कर एक संवैधानिक संस्था को बिना किसी साक्ष्य के संदिग्ध बनाकर स्वयं नेतृत्व और अपने दल की घोर पराजय से मुँह छिपाया जा रहा है। यहाँ तक कि इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट को ही कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है। विपक्ष की समस्या यहीं समाप्त नहीं होती। सरकार की नीतियों से असहमति उसका लोकतांत्रिक अधिकार और दायित्व है लेकिन केवल विरोध किसी राजनीतिक दल को विकल्प नहीं बनाता। आज का भारत आकांक्षी भारत है। जिसे नरेंद्र मोदी ने समझा है और उस ओर अपनी सरकार के तेजी से कदम बढ़ाये हैं। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनावी राजनीति और सरकार का विमर्श बदला है। नागरिक बेहतर सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा के साथ आधुनिक बुनियादी ढाँचा, तकनीक, निवेश के नए अवसर पर चर्चा करता है। इन प्रश्नों पर विपक्ष की अपनी स्पष्ट नीति और रोडमैप क्या है। यह अधिक महत्वपूर्ण सवाल है। किसी सरकारी योजना को गलत बताने के साथ यह बताना भी जरूरी है कि गलती कहाँ है, उसका समाधान क्या है और सत्ता में आने पर उससे बेहतर क्या किया जाएगा। जनता केवल यह नहीं सुनना चाहती कि सरकार ने क्या गलत किया। वह यह भी जानना चाहती है कि विपक्ष क्या सही करेगा। पिछले एक-डेढ़ दशक में विपक्ष का एक बड़ा हिस्सा सरकार की नीतियों के विकल्प देने के बजाय नैरेटिव की राजनीति में अधिक सक्रिय दिखाई दिया है। चुनाव प्रक्रिया से लेकर संस्थाओं तक अनेक विषयों पर सवाल उठाए गए लेकिन आरोपों को प्रमाण और विरोध को वैकल्पिक नीति में बदलने का प्रयास उतना स्पष्ट नहीं दिखा।कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के लिए चुनौती अपने लंबे राजनीतिक अतीत का ईमानदार मूल्यांकन करने, पराजय के कारणों को स्वीकार करने और बदलते भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप स्वयं को पुनर्गठित करने की है। भारत को मजबूत विपक्ष चाहिए। ऐसा विपक्ष जो सरकार से कठिन सवाल पूछे, उसकी कमियाँ उजागर करे लेकिन तथ्यों के साथ। ऐसा विपक्ष जो संस्थाओं पर प्रश्न उठाए लेकिन प्रमाण के साथ। ऐसा विपक्ष जो सरकार का विरोध करे तो उसके सामने बेहतर नीति और स्पष्ट विकल्प भी रखे। यह भाजपा ने किया है उन राज्यों में जहाँ विपक्ष में है वहाँ भी यही भूमिका निभा रही है।विपक्ष की असली लड़ाई किसी एक सरकार या किसी एक नेता के विरुद्ध नैरेटिव खड़ा करने की नहीं, अपनी विश्वसनीयता पुनः अर्जित करने होनी चाहिए। -लेखक-भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री व राज्यसभा सांसद है।

मेष राशिः आज आपकी हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी। आज परिवार के लिए भी कुछ समय निकालना आपसी रिश्ते को मधुर बनाएगा, साथ ही परिवार में खुशहाली भरा वातावरण रहेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए आज का दिन अच्छा है, किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से रिश्ते रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपको अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वह सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

कर्क राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आसपास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज न करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कुछ समय परिवार के साथ बिताने पर कुछ बातें पता चल सकती हैं।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है, इसलिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें।

कन्या राशिः आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी रहेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। इस राशि के सरकारी सेवारत लोगों को कोई खास कार्यभार संभालना पड़ सकता है।

तुला राशिः आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज कुछ समय व्यक्तिगत कार्यों में बिताने से आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। सामाजिक गतिविधियों में भी रुझान बढ़ेगा। फाइनेंस संबंधी गतिविधियां समय पर निपटा लेंगे। कुछ लोग जलन की भावना से आपके बारे में अफवाहें फैला सकते हैं, परंतु इन बातों को नजरअंदाज करके आप अपनी गतिविधियों में ही व्यस्त और मस्त रहें।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जाएगा। आज आपका व्यक्तित्व व रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना लोगों के बीच आकर्षण का कारण बनेगा, समाज में आपकी छवि और अधिक निखरेगी।

धनु राशिः आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। बच्चों को आज पढ़ाई में मन लगाने की जरूरत है। आज परिवार संबंधी कोई समस्या हल हो जाने से आनंदित और हर्षित महसूस करेंगे। धार्मिक तथा आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों में भी कुछ समय बीतेगा। साथ ही जरूरतमंद लोगों की सहायता करके मानसिक सुकून भी मिलेगा।

मकर राशिः आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज अपने बच्चों का आत्मबल बनाकर रखने में सहयोग अवश्य करेंगे। आज कर्मचारियों की मदद से बिजनेस की गतिविधियां ठीक तरह से चलती रहेंगी, नौकरी कर रहे लोगों को भी अपनी जॉब से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अथॉरिटी मिल सकती है।

कुंभ राशिः आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी। आज घर में परिवारजनों के साथ मिल-जुलकर कुछ नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर विचार-विमर्श रहेगा।

मीन राशिःआज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा न करें। आज परिवार में आप सबसे सामंजस्य बनाकर रखेंगे। बेवजह की बातों पर ध्यान नहीं देंगे। साथ ही घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आगमन से खुशनुमा माहौल बनेगा। किसी विशेष मुद्दे पर विचार-विमर्श रहेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में संवेदनशील शासन, पारदर्शी व्यवस्था और जनभागीदारी से मजबूत हो रहा जनता का विश्वास

शिवप्रकाश

सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की पहल से साकार हो रहा विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प

लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता का विश्वास है और सुशासन उस विश्वास को मजबूत करने का सबसे प्रभावी माध्यम। जब शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं, समस्याओं का समयबद्ध समाधान होता है और आम नागरिक को अपने अधिकारों एवं सुविधाओं के लिए अनावश्यक भटकना नहीं पड़ता, तभी सुशासन की अवधारणा सार्थक होती है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इसी भावना के अनुरूप संवेदनशील, पारदर्शी और जनोन्मुखी प्रशासन को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शासन की कार्यप्रणाली को अधिक सरल, सुलभ और जवाबदेह बनाने के प्रयासों से प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद तथा विश्वास का नया वातावरण विकसित हो रहा है। सुशासन की पहली शर्त है कि आम नागरिक की बात सुनी जाए और उसकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल हो। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनसमस्याओं के निराकरण को शासन की प्राथमिकताओं में स्थान दिया है। नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे शासन-प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। जिला और विकासखंड स्तर पर आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर भी प्रशासन को नागरिकों के निकट लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाओं और योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

डिजिटल सुशासन से आसान हो रही शासकीय सेवाएंः बदलते समय में तकनीक सुशासन का सशक्त आधार बनकर उभरी है। छत्तीसगढ़ में डिजिटल माध्यमों से शासकीय सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। सेवा सेतु पोर्टल और डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए आवेदन करने और प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं तक पहुंच आसान बनाने में सहायता मिल रही है। डिजिटल व्यवस्थाओं का महत्व केवल ऑनलाइन आवेदन तक सीमित नहीं है। इनका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना, अनावश्यक विलंब कम करना और नागरिकों को सेवाओं की स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराना भी है। तकनीक आधारित प्रशासन से शासन और जनता के बीच विश्वास का संबंध और अधिक मजबूत करने की संभावनाएं बढ़ी हैं।

अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकताः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों और जनजातीय समुदायों के कल्याण को विशेष प्राथमिकता दे रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह सहायता घरेलू आवश्यकताओं, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और छोटी बचत जैसे कार्यों में महिलाओं के लिए उपयोगी साबित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों के पक्के घर का सपना साकार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। किसानों के लिए संचालित योजनाएं, स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी पहलें भी नागरिकों के जीवन में आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा का आधार बन रही हैं। इन योजनाओं की वास्तविक सफलता उन परिवारों के जीवन में दिखाई देती है, जिन्हें शासन की सहायता से अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

शिकायत निवारण से जवाबदेह प्रशासन की ओरः सुशासन का अर्थ केवल योजनाओं का संचालन नहीं, बल्कि नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना भी है। इसी दिशा में सीएम हेल्पलाइन 1076 नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने और उसके निराकरण की स्थिति जानने का माध्यम उपलब्ध कराती है। नगरीय क्षेत्रों में निदान-1100 के माध्यम से साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान की व्यवस्था विकसित की गई है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य शिकायत निवारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। जब नागरिक अपनी समस्या दर्ज कराने के साथ उसकी प्रगति भी जान सकते हैं, तब प्रशासन के प्रति उनका भरोसा मजबूत होता है।

गांव से शहर तक विकास, हर वर्ग के कल्याण का प्रयासः छत्तीसगढ़ की बड़ी आबादी ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में निवास करती है। इसलिए सुशासन की सफलता का महत्वपूर्ण आधार दूरस्थ अंचलों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पहुंच है। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण विकास, जनजातीय कल्याण, महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से विकास को अधिक समावेशी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा जैसे अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा स्थानीय समुदायों के सशक्तिकरण का महत्व और भी बढ़ जाता है। सुशासन की वास्तविक पहचान तब बनती है, जब दूरस्थ गांव में रहने वाले नागरिक को भी वही सम्मान, सुविधा और अवसर प्राप्त हों, जो शहरों में उपलब्ध हैं।

जनभागीदारी से मजबूत होता सुशासन का संकल्पः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान ने जनसेवा और जनभागीदारी की भावना को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु, सेवा की कहानी, सेवा मेरा योगदान और सुशासन सेवा संवाद जैसी पहलों ने नागरिकों को शासन की सेवाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने का संदेश दिया। सुशासन केवल सरकार और प्रशासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से भी मजबूत होता है। नागरिकों के सुझाव, सामाजिक सहयोग और जनहित के कार्यों में भागीदारी विकास की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

अहमदाबाद करेगा राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी, 13 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

एजेंसी, अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में 23 से 31 अक्टूबर तक पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया जाएगा। वीर सावरकर खेल परिसर में होने वाली इस प्रतियोगिता में 13 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। नौ दिन तक चलने वाले इस आयोजन में 400 से अधिक खिलाड़ी 62 मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। पुरुष वर्ग में 39 और महिला वर्ग में 23 मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों वर्गों में पहली बार राष्ट्रमंडल चैंपियन का फैसला होगा। भारतीय अमेच्योर कबड्डी महासंघ की ओर से अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ की मंजूरी से आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 23 टीमें भाग लेंगी। बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रतियोगिता की आधिकारिक जर्सी, टीमों के कप्तान, गान, प्रतीक चिह्न और शुभंकर का अनावरण किया गया। भारतीय पुरुष टीम की कप्तानी सुरजीत सिंह करेंगे, जबकि नवीन कुमार उपकप्तान होंगे। महिला टीम की कमान निधि शर्मा को सौंपी गई है और रितु उपकप्तान की भूमिका निभाएंगी। प्रतियोगिता में भारत के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, नाइजीरिया, केन्या, तंजानिया, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, युगांडा, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमें हिस्सा लेंगी। दोनों वर्गों के सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मुकाबले 31 अक्टूबर को होंगे। पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस खेल की लोकप्रियता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे कबड्डी को भविष्य में राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल कराने की संभावनाओं को भी बल मिलने की उम्मीद है। अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन होना है। ऐसे में यह चैंपियनशिप शहर की अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी की क्षमता प्रदर्शित करने और कबड्डी को व्यापक वैश्विक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने का अवसर भी होगी। भारतीय अमेच्योर कबड्डी महासंघ के महासचिव जितेंद्र प्रण सिंह ठाकुर ने कहा कि अहमदाबाद में पहली राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की मेजबानी करना भारतीय कबड्डी के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मंच पर कबड्डी के कौशल, रोमांच और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रदर्शित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ के महासचिव तेजस्वी गेहलोत ने कहा कि यह चैंपियनशिप कबड्डी की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रमंडल देशों की राष्ट्रीय टीमों को एक मंच पर लाने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का नया अवसर मिलेगा और इस खेल को दुनिया भर में पहचान मिलेगी।

एशियाई पैरा खेल : रोहित ने तैराकी में जीता कांस्य, अकीरा को एथलेटिक्स में रजत, हनी को चक्का फेंक एफ-37 स्पर्धा में कांस्य

एजेंसी, आइची-नागोया



भारत के रोहित कुमार ने एशियाई पैरा खेल-2026 में तैराकी की पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एसबी-4 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। अकीरा बनोथु ने पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने पदार्पण में शानदार प्रदर्शन किया। रोहित ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एसबी-4 के फाइनल में एक मिनट 57.25 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। मलेशिया के मुहम्मद बिन जुल्काफ्ली ने एक मिनट 41.44 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कजाखस्तान के अली तुर्गानबेकोव ने एक मिनट 44.26 सेकंड का समय लेकर रजत पदक हासिल किया। रोहित का कांस्य पदक प्रदर्शन पिछले एशियाई पैरा खेलों की तुलना में बेहतर रहा। वर्ष 2022 में इस स्पर्धा में शेख और हिरोजीत सिंह क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने क्रमशः दो मिनट 24.05 सेकंड और दो मिनट 24.49 सेकंड का समय लिया था। रोहित ने इस बार इन दोनों के मुकाबले क्रमशः 26.80 सेकंड और 27.24 सेकंड बेहतर समय दर्ज किया। भारतीय पैरा एथलीट अकीरा बनोथु ने पुरुषों की 400 मीटर टी-35/टी-38 स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीता। उन्होंने 51.25 सेकंड में दौड़ पूरी की और 948 अंक हासिल किए। इस स्पर्धा में इराक के मोहम्मद खलफ ने 57.08 सेकंड का समय लिया, लेकिन वर्गीकरण की अंक प्रणाली के तहत 1,074 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता।

टी-38 वर्ग के अकीरा और टी-35 वर्ग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले का परिणाम इसी अंक प्रणाली के आधार पर तय किया गया। भारत के 20 वर्षीय हनी ने पुरुषों की चक्का फेंक एफ-37 स्पर्धा में अपने आखिरी प्रयास में कांस्य पदक जीता। उन्होंने छठे और अंतिम प्रयास में 57.04 मीटर चक्का फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अधिकांश समय चौथे स्थान पर रहने के बाद हनी ने अंतिम प्रयास में तीसरा स्थान हासिल किया।

एशियन पैरा खेल : रवि कार्तिक बुडिगिना ने तैराकी में जीता दूसरा रजत पदक

एजेंसी, आइची-नागोया

भारत के रवि कार्तिक बुडिगिना ने एशियाई पैरा खेल-2026 में अपना दूसरा रजत पदक जीत लिया है। रवि ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक एस-13 स्पर्धा में एक मिनट 10.10 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के एगोर बोलोतोव ने 58.43 सेकंड के एशियाई रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। रवि उनसे 11.67 सेकंड पीछे रहे। चीनी ताइपे के येह फेंग-युआन ने एक मिनट 12.05 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक अपने नाम किया। रवि कार्तिक बुडिगिना का इन खेलों में यह दूसरा रजत पदक है। इससे पहले भी वह तैराकी में रजत पदक जीत चुके हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने एशियाई पैरा खेलों में भारत के पदक अभियान में एक और पदक जोड़ा। इससे पहले रवि ने सोमवार को पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस-13 स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया था। उन्होंने 56.68 सेकंड का समय लिया और दूसरे स्थान पर रहे। उज्बेकिस्तान के एगोर बोलोतोव ने 52.90 सेकंड में दूरी पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। रवि कार्तिक बुडिगिना के इन दो रजत पदकों से भारत के पैरा तैराकी अभियान को मजबूती मिली है।

अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का कार्यक्रम जारी, 22 जनवरी को वेस्टइंडीज से भिड़ेगा भारत

एजेंसी, नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2027 का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। तीसरे संस्करण का आयोजन 21 जनवरी से 6 फरवरी तक बांग्लादेश और नेपाल में होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 41 मुकाबले खेले जाएंगे। दो बार की मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम 22 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टूर्नामेंट के मुकाबले बांग्लादेश के चट्टोग्राम और सिलहट तथा नेपाल की राजधानी काठमांडू के चार मैदानों पर खेले जाएंगे। इनमें चट्टोग्राम का बीर श्रेष्ठ शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मतिउर रहमान क्रिकेट स्टेडियम, सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, काठमांडू का टीयू अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और अपर मुलपानी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान शामिल हैं। टूर्नामेंट में 16 टीमों को चार समूहों में बांटा गया है। समूह 'ए' में भारत, आयरलैंड, वेस्टइंडीज और मेजबान नेपाल हैं। समूह 'बी' में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और समोआ को रखा गया है। समूह 'सी' में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात की टीमें हैं, जबकि समूह 'डी' में इंग्लैंड, श्रीलंका, अमेरिका और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

आईपीएल 2027 : दिल्ली कैपिटल्स ने अमित मिश्रा को बनाया स्पिन गेंदबाजी कोच

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2027 सत्र से पहले भारतीय टीम के पूर्व स्पिन गेंदबाज अमित मिश्रा को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। आईपीएल में शानदार खिलाड़ी के रूप में पहचान बनाने वाले मिश्रा पहली बार कोच की भूमिका में नजर आएंगे। अमित मिश्रा ने पिछले साल सितंबर में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने आईपीएल में 162 मुकाबले खेले और 174 विकेट हासिल किए। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं। उनके नाम आईपीएल में सबसे अधिक तीन हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड भी दर्ज है। मिश्रा आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेल चुके हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने सोशल मीडिया पर उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए उन्हें टीम का सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज बताया और उनकी वापसी का स्वागत किया। चमिंडा वास बने गेंदबाजी कोचदिल्ली कैपिटल्स ने श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चमिंडा वास को भी गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। वह पिछले दो सत्रों से इस पद पर रहे मुनाफ पटेल की जगह लेंगे। वास श्रीलंका के प्रमुख गेंदबाजों में गिने जाते हैं। उन्होंने 111 टेस्ट मुकाबलों में 355 विकेट लिए, जबकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 322 मैचों में 400 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 3,089 और एकदिवसीय मुकाबलों में 2,025 रन भी बनाए हैं।

बिजनेस

एसबीआई ने ग्राहकों की निजी जानकारी उजागर होने के मामले की जांच शुरू की

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ग्राहकों की निजी जानकारी डार्क वेब पर उजागर होने के मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ग्राहकों के निजी विवरण वाले 3,897 रिकॉर्ड की पहचान हुई है। बैंक ने कहा है कि इस घटना का उसके मुख्य कारोबारी परिचालन पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है। बैंक की सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं। मामले का विस्तृत आकलन किया जा रहा है और जरूरत के अनुसार सुधारात्मक तथा रोकथाम संबंधी कदम उठाए जा रहे हैं। एसबीआई के अनुसार 3,897 ग्राहक रिकॉर्ड में निजी जानकारी डार्क वेब पर उजागर होने का मामला सामने आया है। इन रिकॉर्ड में ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल पते, जन्मतिथि और आवासीय पते जैसी व्यक्तिगत जानकारी शामिल है। बैंक को इस संभावित डेटा लीक के बारे में पहली बार 16 अक्टूबर को अलर्ट मिला था। यह अलर्ट बैंक के थ्रेट इंटेलिजेंस सेवा प्रदाता, रक्षा साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) से मिला था। एसबीआई ने 21 अक्टूबर को शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया कि 16 अक्टूबर को उसे अपने थ्रेट इंटेलिजेंस सेवा प्रदाता, रक्षा साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) से इस संबंध में सूचना मिली थी। इसमें डार्क वेब पर बैंक के ग्राहकों के डेटा के संभावित रूप से उजागर होने की आशंका जताई गई थी। बैंक के अनुसार प्रारंभिक विश्लेषण में डार्क वेब पर उपलब्ध लगभग 3.75 लाख रिकॉर्ड की जांच की गई। इनमें 3,897 ग्राहक रिकॉर्ड में व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी (पीआईआई) मिली। इसमें ग्राहकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, नाम, लिंग, ईमेल पते, आवासीय पते, शाखा और ग्राहक पहचान संख्या (सीआईएफ), लीड आईडी तथा ऋण और लीड रिकॉर्ड से जुड़ा अन्य मेटाडेटा शामिल था। एसबीआई ने बताया कि उजागर डेटा की प्रामाणिकता, पूर्णता, संभावित स्रोत और दायरे का पता लगाने के साथ ग्राहकों तथा बैंक पर इससे जुड़े जोखिमों का आकलन करने के लिए विस्तृत जांच जरूरी थी। बैंक ने तत्काल साइबर घटना से निपटने और उसके प्रभाव को सीमित करने की प्रक्रिया शुरू की। इसके अलावा, मामले की प्रकृति और कथित डेटा उजागर होने की घटना की जांच के लिए सीईआरटी-इन से संबद्ध एक स्वतंत्र साइबर सुरक्षा एजेंसी को नियुक्त किया गया है।

सर्राफा बाजार में और सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में आज भी बदलाव नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। हालांकि चांती के भाव में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज शुरुआती कारोबार के दौरान चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 1,820 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,980 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में शुरुआती कारोबार के दौरान 820 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 890 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है।

कीमत मे हुए बदलाव की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,34,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,47,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,34,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,46,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,46,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,34,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजार में 22 कैरेट सोना 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी, नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज सुबह मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का माहौल बना रहा और प्रमुख सूचकांक कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। यहां कुछ प्रमुख बाजारों में भारी तेजी बनी हुई है, तो कुछ सूचकांक हल्की गिरावट के साथ रिकवरी की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला रुख दर्ज किया गया, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 21.84 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त दर्ज करते हुए 7,712.57 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके विपरीत टेक-हैवी नैस्डेक कंपोजिट में हल्की बिकवाली देखी गई। यह सूचकांक 6.07 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 26,424.82 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 39.07 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,534.95 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का माहौल बना रहा, जिससे प्रमुख सूचकांक कमजोरी के साथ बंद हुए। जर्मनी का डीएएक्स इंडेक्स 15.35 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,304.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह फ्रांस के सीएसी 40 इंडेक्स ने 29.56 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मंदी के साथ 7,838.49 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा ब्रिटेन का एफटीएसई 100 इंडेक्स भी 31.69 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 10,733 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज ज्यादातर जगहों पर मजबूती के साथ कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के नौ प्रमुख बाजारों में से पांच के सूचकांक आज मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि चार सूचकांकों में गिरावट की वजह से लाल निशान बना हुआ है। भारतीय बाजार के लिए शुरुआती संकेत देने वाले गिफ्ट निफ्टी में आज सुबह शानदार बढ़त नजर आ रही है। फिलहाल यह सूचकांक 109.50 अंक यानी 0.48 प्रतिशत उछल कर 23,044 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के मिले-जुले रुख के बावजूद जापान के बाजार में आज बंपर तेजी देखी जा रही है। यहां निक्केई 225 इंडेक्स आज बड़ी उछाल के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। फिलहाल जापान का यह सूचकांक 504.58 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ चढ़कर 64,580 अंक के स्तर पर आ गया है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। फिलहाल यह सूचकांक 21.43 अंक यानी 0.39 प्रतिशत उछल कर 5,456.74 अंक के स्तर पर आ गया है। वहीं, हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स आज दबाव में दिख रहा है।

शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हरे निशान में हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के कुछ देर बाद लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 10:30 बजे सेंसेक्स 0.42 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 485.03 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की शानदार बढ़त के साथ 74,337.93 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर शुरू हो गया। आईटी शेयरों में आई तेजी से बाजार को सहारा मिला, लेकिन कुछ बड़े हैवीवेट शेयरों में बिकवाली के कारण सेंसेक्स पर दबाव भी बना रहा। बिकवाली का दबाव बनने से यह सूचकांक 74,070.54 अंक के स्तर तक गिर गया। वहीं लिवाली शुरू होने पर यह उछल कर 74,682.19 अंक तक आ गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 10:30 बजे सेंसेक्स 311.86 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,164.76 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की ही तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 127.05 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,016 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही पहले बिकवाली का दबाव बना, जिसके कारण ये सूचकांक फिसल कर 22,922.45 के निचले स्तर तक गिर गया। हालांकि शुरुआती कारोबार के दौरान ही लिवालों ने खरीदारी का जोर बना दिया, जिससे निफ्टी की चाल मे तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 23,120.90 अंक तक पहुंच गया।

यामी गौतम के आगे घुटने टेकने पर मजबूर हुए राजकुमार राव नई नवेली ने मारी बाजी



बॉक्स ऑफिस पर यामी गौतम की सुपरनैचुरल कॉमेडी फिल्म 'नई नवेली' और राजकुमार राव के कोर्टरूम ड्रामा 'प्रहार' के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। हालांकि दोनों फिल्मों की शुरुआत धीमी रही, लेकिन बेहतर ओपनिंग दर्ज करते हुए 'नई नवेली' ने बढ़त बना ली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुरुआती दिनों में जहां यामी की फिल्म ने मजबूत बढ़त बनाते हुए दुनियाभर में अच्छी कमाई की है, वहीं समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया के बावजूद 'प्रहार' को दर्शकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन की जंग में यामी गौतम की फिल्म नई नवेली ने बाजी मार ली है। दर्शकों के बीच मची खींचतान के बीच इस सुपरनैचुरल कॉमेडी ड्रामा ने राजकुमार राव की कोर्टरूम ड्रामा प्रहार को कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है। हालांकि दोनों फिल्मों की शुरुआत धीमी रही, लेकिन बेहतर ओपनिंग दर्ज कर यामी गौतम की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस की रेस में बढ़त बना ली है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, यामी की फिल्म नई नवेली ने देश के 6,281 शो से पहले दिन 3 .25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। उधर दुनियाभर में इसकी कमाई 4 .58 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। दूसरी तरफ, राजकुमार राव की फिल्म प्रहार की शुरुआत नई नवेली की तुलना में थोड़ी धीमी रही। इस फिल्म ने देशभर के 4,133 शो के जरिए पहले दिन केवल 2 .35 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज की है। बता दें कि आगे नई नवेली और प्रहार की राह बॉक्स ऑफिस पर मुश्किल नजर आ रही है। नकारात्मक समीक्षाओं और दर्शकों से मिली खराब प्रतिक्रिया के कारण यामी की फिल्म के लिए राह आसान नहीं होगी। दूसरी ओर, समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिलने के बावजूद प्रहार को दर्शक नहीं मिल रहे हैं, क्योंकि लोग 26/11 हमलों पर आधारित एक और फिल्म देखने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

अभिनेत्री आफिया सैयद ने प्रेम कीटाणु से बॉलीवुड में किया डेब्यू, अब तेलुगु में जलवे बिखरने के लिए हुई तैयार

अभिनेत्री आफिया सैयद ने हाल ही में प्रेम कीटाणु से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इस रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म में सुहानी का किरदार निभाने के बाद आफिया एक और चुनौती के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही एलियास रुक्मिणी से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं, जिसमें वह निथिन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। टॉलीवुड में कदम रखने को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि एलियास रुक्मिणी के साथ तेलुगु में डेब्यू करना किसी सपने जैसा लग रहा है।

मुरली सर एक बेहतरीन विजनरी हैं, और वह तथा युनानिमस प्रोडक्शंस की टीम सच में कुछ बहुत खास बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। एलियास रुक्मिणी को नेचुरल स्टार नानी अपने प्रोडक्शन हाउस युनानिमस प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि निथिन के साथ काम करना और नानी सर का प्रोड्यूसर होना, सच में बहुत बड़े सम्मान की बात है।

हम इस फिल्म को पूरे दिल से बना रहे हैं और 4 दिसंबर को इसे दुनिया के सामने लाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नानी और दीप्ति गंटा द्वारा प्रोड्यूस की गई और मुरलीकांत देवसोथ द्वारा निर्देशित यह तेलुगु ड्रामा फिल्म 4 दिसंबर, 2026 को बड़े पर्दे पर रिलीज हो सकती है। हाल ही में एक्ट्रेस रवीना टंडन ने प्रेम कीटाणु के साथ इंडस्ट्री में कदम रखने पर आफिया सैयद की तारीफ की और खुद को सबसे गर्व करने वाली मौसी बताया। आफिया के समर्पण और दृढ़ संकल्प की तारीफ करते हुए रवीना ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि बधाई हो आफिया, ढेर सारा प्यार, आशीर्वाद और तुम्हारी दिल की हर इच्छा पूरी हो। मैंने तुम्हें अपने लक्ष्य के लिए पूरी लगन से मेहनत करते देखा है। रास्ते में रुकावटें आईं, लेकिन तुमने कभी अपना फोकस नहीं खोया। अकेले, मजबूती से डटी रहीं।

उन्होंने कहा कि जीत की मंजिल तक पहुंचने के उस एक मौके के लिए हर मुश्किल का सामना किया। आज तुम्हें स्क्रीन पर पूरे जलवे के साथ देखकर मुझे सबसे ज्यादा गर्व हो रहा है। ढेर सारा प्यार बेटा और ईश्वर तुम पर अपनी कृपा बनाए रखें। हमारे ढेर सारे प्यार के साथ, फिल्मों की दुनिया में तुम्हारा स्वागत है, तुम यहां छा जाने के लिए आई हो।

तमिल सिनेमा में इतिहास रचेगी जेलर 2: सौंदर्या रजनीकांत

हाल ही में रिलीज हुई सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 को प्रशंसकों से मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद उनकी छोटी बेटी सौंदर्या रजनीकांत ने खुशी व्यक्त की है। सौदर्या रजनीकांत ने कहा है कि यह फिल्म तमिल सिनेमा में इतिहास रचने जा रही है। अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए सौंदर्या ने लिखा, थलाइवर सिर्फ मेरे लिए ही नहीं, बल्कि उनसे प्यार करने वाले हर इंसान के लिए एक भावना हैं। इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, इसे बस महसूस किया जा सकता है।

जेलर 2 को एक शानदार ब्लॉकबस्टर करार देते हुए सौंदर्या ने अपने पिता रजनीकांत की पर्दे पर मौजूदगी की जमकर सराहना की। उन्होंने लिखा, मेरे टाइगर मुथुवेल पांडियन, मेरे अप्पा (पिताजी) स्क्रीन पर छा गए हैं। 51 वर्षों से हमारा मनोरंजन कर रहे हैं। 51 वर्षों का रजनीज्म! यह टिप्पणी सुपरस्टार के सिनेमाई सफर और उनके अद्वितीय करिश्मे को दर्शाती है, जिसने उन्हें दशकों से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाला थलाइवर बनाया है। सौंदर्या ने फिल्म के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार की भी खूब तारीफ की। उन्होंने लिखा, मेरे प्यारे नेल्सन दिलीप कुमार जी, क्या कमाल की फिल्म बनाई है। इसके साथ ही, उन्होंने फिल्म के संगीत निर्देशक अनिरुद्ध रविचंदर के काम को भी सराहा, यह कहते हुए कि उन्होंने फिल्म के दृश्यों को जिस तरह से निखारा है, उसने इसे एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया है। अनिरुद्ध के संगीत ने फिल्म की ऊर्जा और प्रभाव को कई गुना बढ़ा दिया है, जिससे यह दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई है। अपनी पोस्ट के अंत में, सौंदर्या ने पूरी बेहतरीन कास्ट और क्रू को बहुत सारा प्यार दिया, यह व्यक्त करते हुए कि वह इस फिल्म के बारे में और भी बहुत कुछ कहना चाहती हैं, लेकिन भावनाओं में बह जाने के कारण अब और कुछ कह नहीं पा रही हैं। उन्होंने फैंस से जेलर 2 को बार-बार देखने का आग्रह करते हुए एक बार फिर दोहराया, यह फिल्म तमिल सिनेमा में इतिहास रचने जा रही है। बहुत गर्व है।

30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर आएगी कीर्ति सुरेश की पहली वेब शृंखला अक्का

राधिका आप्टे भी निभाएंगी अहम भूमिका

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कीर्ति सुरेश अब डिजिटल मनोरंजन की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। उनकी पहली वेब शृंखला 'अक्का में अभिनेत्री राधिका आप्टे भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। यह एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित अपराध-रोमांचक शृंखला है, जिसकी कहानी 1980 के दशक के दक्षिण भारत में बसे एक काल्पनिक शहर पेर्नुरू के इर्द-गिर्द घूमती है। यहां अपराध जगत पर ताकतवर महिलाओं का वर्चस्व है। खबरों के मुताबिक, इस शृंखला का प्रीमियर 30 अक्टूबर 2026 को नेटफ्लिक्स पर होगा। 'अक्का की कहानी गैंगस्टर रानियों के एक शक्तिशाली समूह पर केंद्रित है, जिन्होंने शहर के अपराध जगत में अपना साम्राज्य स्थापित कर रखा है। लेकिन एक बाहरी व्यक्ति के आने से उनके वर्चस्व पर खतरा मंडराने लगता है। इसके बाद धोखेबाजी, बदले, सत्ता संघर्ष और अस्तित्व की लड़ाई का सिलसिला शुरू होता है। इस शृंखला का लेखन और निर्देशन धर्मराज शेट्टी ने किया है। यह उनके निर्देशन की पहली परियोजना है। कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तन्वी आज़मी और अंशुमान पुष्कर भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखाई देंगे। कीर्ति सुरेश के लिए यह परियोजना खास है, क्योंकि इसके माध्यम से वह पहली बार किसी प्रमुख डिजिटल प्रसारण मंच पर अपनी शुरुआत करेंगी। वहीं, कीर्ति और राधिका पहली बार एक साथ अभिनय करती नजर आएंगी। दोनों अभिनेत्रियों के प्रशंसकों को इस नई जोड़ी से काफी उम्मीदें हैं। 'अक्का की घोषणा नवंबर 2023 में की गई थी। इसके बाद से इस परियोजना पर काम चल रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 'बॉलीवुड हंगामा ने शृंखला के 30 अक्टूबर 2026 को प्रसारित होने की जानकारी दी है। हालांकि, इसकी रिलीज से जुड़ी अंतिम जानकारी के लिए आधिकारिक घोषणा को ही निर्णायक माना जाएगा। इस शृंखला का निर्माण वाईआरएफ एंटरटेनमेंट ने किया है। कहानी में महिलाओं के नेतृत्व वाले अपराध साम्राज्य, सत्ता की खींचतान, हिंसा, बदले और वर्चस्व की लड़ाई को प्रमुखता दी गई है। 'अक्का की सबसे खास बात इसका कथानक है, जिसमें अपराध की दुनिया को ताकतवर महिलाओं के नजरिये से दिखाया जाएगा। पेर्नुरू में स्थापित महिला गिरोह का साम्राज्य बाहरी चुनौती के कारण संकट में पड़ जाता है।

प्रेग्नेंसी में तीखा खाना पसंद था तो बेटा भी खाता है तीखा

बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने बताया कि जब वह दूसरी बार मां बनने वाली थीं, तब उन्हें तीखा और चटपटा खाना काफी पसंद आता था। दिलचस्प बात यह है कि अब उनका छोटा बेटा परिवार में सबसे ज्यादा तीखा खाना पसंद करता है। हाल ही में माधुरी दीक्षित ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी से जुड़ा एक दिलचस्प अनुभव बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने साझा किया है। यह बात माधुरी ने एक क्विज शो के दौरान बातचीत में कही, जिसका वीडियो और किस्सा मनोरंजन जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, माधुरी दीक्षित के क्विज शो 'कोण होणार करोडपती' के एक एपिसोड में अभिनेत्री यामी गौतम और अभिनेता आदिनाथ कोठारे पहुंचे थे। बातचीत के दौरान यामी गौतम ने अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़ी यादें साझा कीं। उन्होंने बताया कि फिल्म 'आर्टिकल 370' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान जब उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर साझा की, तो इसके बाद खुशी मनाने के लिए अपने रसोइये को फोन किया और पारंपरिक महाराष्ट्रीयन पकवान बनाने के लिए कहा। इनमें पूरन पोली और उकडीचे मोदक शामिल थे। यामी की बात सुनकर माधुरी दीक्षित ने भी अपने मातृत्व के दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि दोनों गर्भावस्थाओं के दौरान उन्हें किसी खास चीज को खाने की बहुत ज्यादा इच्छा नहीं हुई थी। हालांकि, दूसरी प्रेग्नेंसी के दौरान उन्हें तीखा और चटपटा भोजन काफी पसंद आने लगा था। माधुरी ने मजाकिया अंदाज में बताया कि अब उनका वही बेटा परिवार में सबसे ज्यादा तीखा खाना खाता है। इस बातचीत के दौरान माधुरी ने यामी गौतम से उनके बेटे की पसंद के बारे में भी पूछा। उन्होंने जानना चाहा कि क्या यामी के बेटे को भी मीठा खाना पसंद है। इस पर यामी ने बताया कि उनके बेटे को मीठा बहुत पसंद है। इस तरह दोनों अभिनेत्रियों के बीच बातचीत का सिलसिला गर्भावस्था के दौरान खाने की पसंद और बच्चों की पसंद तक पहुंच गया। माधुरी दीक्षित ने वर्ष 1999 में डॉ. श्रीराम नेने से शादी की थी। शादी के बाद वह कुछ समय के लिए अमेरिका में रहीं। उनके दो बेटे हैं और छोटे बेटे रेयान का जन्म मार्च 2005 में डेनवर में हुआ था। माधुरी ने अपने परिवार और निजी जीवन को लंबे समय तक काफी हद तक निजी रखा है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की खाने की पसंद में बदलाव आना सामान्य अनुभव हो सकता है।

पृथ्वीराज सुकुमारन को महेश बाबू ने दी जन्मदिन की बधाई

तेलुगु सिनेमा के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन को जन्मदिन की बधाई देते हुए सुपरस्टार महेश बाबू ने उनके आगामी किरदार 'कुंभा' को लेकर उत्साह जताया। बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वाराणसी' में पृथ्वीराज, महेश बाबू के साथ नजर आएंगे। 'कुंभा' में वह एक खतरनाक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। निर्देशक राजामौली और अभिनेता टोविनो थॉमस ने भी पृथ्वीराज को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर महेश बाबू ने फिल्म के आधिकारिक खाते की पोस्ट साझा करते हुए पृथ्वीराज को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लिखा कि कुंभा को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और उनका दिन शानदार रहे। अभिनेता ने पृथ्वीराज के लिए प्यार और खुशियों की कामना भी की। फिल्म के निर्माताओं ने भी अपने आधिकारिक खाते से पृथ्वीराज के किरदार को केंद्र में रखते हुए जन्मदिन का संदेश साझा किया। उन्होंने कुंभा को वाराणसी का सबसे जटिल दिमाग बताया। निर्देशक एस. एस. राजामौली ने भी अपने खास अंदाज में पृथ्वीराज को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि वह इस खास दिन पर पृथ्वीराज के भीतर के कुंभा को जगाना नहीं चाहते थे। राजामौली ने आगे उस किरदार का जिक्र किया, जिसकी किस्मत में दुनिया पर अपनी छाप छोड़ना लिखा है। उनके संदेश से फिल्म में पृथ्वीराज की भूमिका को लेकर उनकी उम्मीदों का अंदाजा लगाया जा सकता है। राजामौली इससे पहले भी पृथ्वीराज की अभिनय क्षमता की खुलकर प्रशंसा कर चुके हैं। पिछले साल नवंबर में उन्होंने फिल्म से अभिनेता का पहला लुक जारी किया था। उस समय निर्देशक ने बताया था कि पृथ्वीराज के साथ पहला दृश्य फिल्माने के बाद उन्होंने अभिनेता से कहा था कि वह अब तक के सबसे बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं। राजामौली ने कुंभा के किरदार को खतरनाक, बेरहम और ताकतवर बताया था। उन्होंने कहा था कि पृथ्वीराज ने इस भूमिका में जिस तरह जान डाली, वह उनके लिए रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक अनुभव था। निर्देशक ने इस चुनौतीपूर्ण किरदार को स्वीकार करने के लिए अभिनेता का आभार भी जताया था। जवाब में पृथ्वीराज ने कहा था कि उनके लिए यह सम्मान की बात है और वह इस शानदार सफर के अगले हिस्से का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 'वाराणसी' में पृथ्वीराज एक दिव्यांग व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं। उनके किरदार को ऐसे विशेष व्हीलचेयर पर दिखाया गया है, जिसमें रोबोटिक हाथ और पैर लगे हैं। इस अनोखे रूप ने फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाई है। मलयालम सिनेमा के अभिनेता और निर्माता टोविनो थॉमस ने भी अपने मित्र पृथ्वीराज को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर और मालिश में होता है ये अंतर

शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने के लिए एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर और मालिश का सहारा लिया जा सकता है। हालांकि, कई लोगों के लिए ये तीनों तकनीकें एक ही तरह की लगती हैं, लेकिन वास्तव में ये तीनों अलग हैं और इनका इस्तेमाल करने का तरीका भी अलग है। आइए आज हम आपको तीनों तकनीकों के इस्तेमाल और इनके बीच के अंतर के बारे में विस्तार से बताते हैं ताकि आप इनसे जुड़ी किसी भी भ्रम की चपेट में न आएं। एक्यूप्रेशर एक ऐसी तकनीक है, जिसके जरिए शरीर की बाहरी त्वचा पर हल्का दबाव डालकर ऊर्जा को संतुलित किया जा सकता है। इसके लिए हाथों की उंगलियों का इस्तेमाल किया जाता है। यह तकनीक दर्द और तनाव को कम करने, पाचन क्रिया को सुधारने और सामान्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है। एक्यूप्रेशर की प्रक्रिया के दौरान शरीर में खून के प्रवाह को बढ़ाने के साथ-साथ मांसपेशियों को आराम देने में भी मदद मिल सकती है। एक्यूपंक्चर एक ऐसी पारंपरिक चीनी चिकित्सा है, जिसमें पतली सूई को त्वचा में डालकर दबाया जाता है। यह प्रक्रिया शरीर के खास बिंदुओं पर की जाती है और माना जाता है कि इससे ऊर्जा के प्रवाह को संतुलित करने में मदद मिलती है। एक्यूपंक्चर दर्द को कम करने, तनाव को दूर करने और सामान्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में सहायक है। इस प्रक्रिया के दौरान सूई का इस्तेमाल करने की जरूरत होती है, जबकि एक्यूप्रेशर में ऐसा नहीं होता। मालिश एक शारीरिक तकनीक है, जिसमें हाथों से शरीर के हिस्सों को रगड़कर या दबाकर आराम दिया जाता है। मालिश अलग-अलग तरह से की जा सकती है, जैसे कि सिर की मालिश, पीठ की मालिश, पैरों की मालिश आदि। यह प्रक्रिया शरीर के खून के प्रवाह को बढ़ाने, मांसपेशियों को आराम देने और तनाव को कम करने में मदद कर सकती है। मालिश में किसी भी उपकरण का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर और मालिश को सुरक्षित माना जाता है, लेकिन इनका सही तरीके से इस्तेमाल करना जरूरी है। गलत तरीके से इनका इस्तेमाल करने पर चोट लगने या अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हैं या गर्भवती हैं तो इन तकनीकों का इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर से सलाह लें। इन तकनीकों का इस्तेमाल करने से पहले इनसे जुड़ी जानकारी अच्छी तरह से पढ़ लें और किसी विशेषज्ञ की सलाह लें।

तीनों तकनीकों में क्या अंतर हैं?

एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर और मालिश तीनों तकनीकें अलग-अलग होती हैं, लेकिन इनके इस्तेमाल के लिए शरीर की ऊर्जा को संतुलित करना मुख्य उद्देश्य होता है। एक्यूप्रेशर के लिए हाथों की उंगलियों का इस्तेमाल किया जाता है, जबकि एक्यूपंक्चर के लिए पतली सूई की जरूरत होती है। मालिश के लिए सिर्फ हाथों का इस्तेमाल होता है। इन तीनों तकनीकों का इस्तेमाल करने से दर्द को कम करने, तनाव को दूर करने और सामान्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

BRIFF NEWS

Allahabad HC cites long trial, lets off offenders, SC slams 'misplaced sympathy'

New Delhi, Agency: A "gracious" trial court and a "very indulgent" Allahabad HC paved the way for two offenders in a grievous hurt case to go scotfree without spending a day in jail on the grounds that they suffered because of a 22-year-long trial, but the courts did not consider the victim, who is still getting treatment, Supreme Court has said. Now, SC has directed the accused in the 2003 case to surrender and asked the HC to conduct a fresh hearing.

A bench of Justices J B Pardiwala and K Vinod Chandran said it was a case of misplaced sympathy. The trial court had awarded fiveyear jail terms to the two, but the HC released them on probation. SC said the case was "doomed from its inception insofar as justice delivery to the victim is concerned". "We cannot but, with an amount of consternation, notice the casual manner in which the trial court and the high court considered the issue from the stage of taking cognisance till the issuance of the accused on application of Probation of Offenders Act. They have gone scot-free without suffering a single day of imprisonment, especially by reason of the misplaced sympathy based on grandiose expositions of law," it said.

The court passed the order on an appeal filed by the brother of the victim, who has lost substantial functionality of both upper limbs.

SC said the HC "went overboard" and wondered how it could pass such an order despite the adverse report on the character of the offenders, noting that theywere involved in multiple criminal cases. "True, protracted trial is agonising but here, the accused were on bail and merrily indulging in criminal activities," the bench said.

India, US 'perfectly aligned' on key issues: Marco Rubio defends ties with Pakistan

New Delhi, Agency: US secretary of state Marco Rubio urged businesses to view the India-US relationship as a strategic partnership spanning technology, trade and security, saying the two countries were "perfectly aligned" on issues that would shape the 21st century, even as he acknowledged that disagreements between them would persist. Addressing a gathering of India Inc's leading business figures at a Freedom 250 event at BKC, Rubio said the relationship between the two countries could help shape the future of the global economy, particularly as advances in artificial intelligence and quantum computing transform industries and societies. "I truly believe the relationshipNEW DELHI: Security agencies probing the attack on actor Tiger Shroff are investigating the role of Lawrence Bishnoi's top-tier US-based operative Randeep Malik, notwithstanding gangster Anil Pandit claiming responsibility for it on social media. Malik is considered very close to both Lawrence and his brother Anmol, who are also likely to be questioned in their respective jails in Gujarat and Delhi soon, sources have said.

Shinde calls INDIA bloc 'ten-headed Ravana', accuses Uddhav of 'vote theft'

New Delhi, Agency: Maharashtra deputy chief minister Eknath Shinde on Tuesday accused Uddhav Thackeray of stealing the people's mandate after the 2019 assembly elections and called the INDIA bloc a "ten-mouthed Ravana" whose effigy should be burnt. Addressing his party's Dussehra rally in Mumbai, Shinde attacked the opposition over its allegations of vote theft, accused it of undermining constitutional institutions and said the government would support farmers facing crop losses due to water scarcity.

Without naming Shiv Sena (UBT) chief Uddhav Thackeray, Shinde alleged that the actual "vote theft" took place after the 2019 Maharashtra assembly elections, when the undivided Shiv Sena joined hands with the NCP and Congress to form a government.

"You did not even contest the election. You made a backdoor entry and became chief minister. You stabbed the mandate and grabbed the post. It was a huge dacoity against the people's mandate," he said.

Shinde questioned the opposition's allegations of irregularities in electoral rolls, saying it had earlier raised concerns over an increase in voter numbers and was now questioning the deletion of names.

"This is double standards and a daily show of new drama. The INDIA bloc is a ten-mouthed Ravana, and we need to burn its effigy," he said, accusing the opposition of seeking to undermine the Constitution drafted by Dr Babasaheb Ambedkar.

He also questioned why the opposition had not alleged vote theft when the INDIA bloc won elections in Telangana, Karnataka and Himachal Pradesh. "When you lose, you call it vote chori and start alleging foul play. The INDIA bloc won elections in Telangana, Karnataka and Himachal Pradesh. Why was there no vote chori then?" he asked.

Shinde accused the Congress of looting the country for 70 years and alleged that it was now demanding ballot papers after previously winning elections through booth capturing.

He also hit out at opposition leaders for their remarks on regime changes in Bangladesh, Nepal and Sri Lanka, accusing them of encouraging anarchy in India.

Doing a real disservice': Annamalai backs CJP leaders, questions their continued custody

New Delhi, Agency: Former Tamil Nadu BJP president K Annamalai on Tuesday expressed Cockroach Janata Party and questioned Delhi Police's handling of the case against its leaders Saurav Das and Ashutosh Ranka.

While talking to reporters, Annamalai said that continued judicial custody of CJP leaders raises concerns about the rule of law.

"I'm a little bit concerned in our country. I have a feeling they (Delhi Police) have taken the law into their hands, and the judge gets recused... I may not agree with many of the CJP's modes of protest. I may not agree with some of the antics of CJP. That's a different argument. But I completely support CJP in terms of the questions they want to raise. "It is for the government to answer. But to arrest them for a violation and again to drag them in terms of how they spend their time in jail, that is only going to make the leaders of CJP stronger. I'm afraid of saying that the Delhi police are doing a real disservice," he added. He also said that Lok Sabha leader of opposition Rahul Gandhi has every right to question the SIR process, but institutional damage should not be caused.

"Rahul Gandhi has every right to question the SIR process, but institutional damage should not be caused," he further said.

Earlier on Monday, a Delhi court extended the CJP leaders' judicial custody by two days for allegedly entering Jantar Mantar, which is no longer a designated protest venue, and obstructing police personnel on duty. Along with other CJP workers, they waved the national flag at the site and raised slogans against Chief Election Commissioner Gyanesh Kumar before being detained and placed under preventive custody.

'Youth on streets are revolutionaries' Uddhav Thackeray calls for 'regime change'

New Delhi, Agency: Shiv Sena (UBT) chief Uddhav Thackeray on Tuesday called for a regime change, accused the government of undermining electoral rights. He backed the youth protests, calling them revolutionaries meanwhile asserting his party's claim to the saffron identity at the party's annual Dussehra rally at Shivaji Park in Mumbai.

According to Media, Thackeray said young people had the right to protest against alleged electoral irregularities, particularly those affecting new voters. He also called for a change in the political establishment and asserted that the saffron identity could not be taken away from his party.

"Protest is the right of youth because 'vote chori' is happening with everyone, especially new voters," Thackeray said.

"We are standing up to bring about a 'regime change'," the former Maharashtra chief minister said at the rally. "Youth who have hit the streets are not Naxalites, they are revolutionaries seeking their rights," Uddhav Thackeray said.

Female Safety Supervisor Injured in Tata Steel's MUMM Area; Undergoing Treatment at TMH

Jamshedpur, October 21. A female site safety supervisor, employed by M/s GAPSPL, sustained injuries in an incident that occurred on October 20 within the CRM ETP area part of Tata Steel's MUMM division. The company management has expressed deep concern regarding the incident. Following immediate first aid, the employee was admitted to Tata Main Hospital (TMH) for further medical care, where she is currently undergoing treatment. According to a statement issued by the company, the employee received initial first aid at the East Plant First Aid Center immediately after the incident. She was subsequently referred to TMH for further medical evaluation and treatment. A CT scan of her brain returned normal results. She is currently experiencing pain in her shoulder, which is being medically evaluated. The company reports that her condition is stable and she is showing improvement; she remains under the care and observation of medical professionals.The company management has constituted an investigation team to determine the causes and circumstances surrounding the incident. The team is currently examining the matter to establish the facts. Detailed information regarding the incident is expected to be available once the investigation is complete.

'Expect partners to show zero tolerance on terrorism' EAM thanks US for handing over Tahawwur Rana

New Delhi, Agency: External affairs minister S Jaishankar on Tuesday hailed ties between India and the US, saying the partnership between the two countries had grown over the past few decades despite their share of differences.

Addressing the Freedom 250 reception in Mumbai, Jaishankar said Indian talent and skills had helped shape the technology era in the US. "Our ties have indeed come a long way. History records that many Americans were supportive of India's struggle for independence. After that, whether it was infrastructure and education or food, agriculture, and technology, our partnership has made a real difference to India's development. Indian talent and Indian skills have helped shape the tech era in the United States. Of course, we've had our share of issues, including the manner in which we approach the world and its challenges," he said.

"But in the last few decades, our partnership has steadily expanded, acquiring new dimensions and new facets. The Quad, Mission 500, Pax Silica, and the Forge Initiative are among some of the notable examples. Growth in the fields of energy, defence, and civil aviation has actually been striking," he added.

Jaishankar also thanked Washington for its decision to extradite Tahawwur Hussain Rana, a key conspirator in the 26/11 Mumbai terror attacks, to India. He said New Delhi expected its partners to show zero tolerance towards terrorism. "Secretary Rubio, all of Mumbai, and indeed all of India, appreciate your laying a wreath today at the Taj Hotel's 26/11 Memorial. India also welcomes this administration's decision to extradite Tahawwur Hussain Rana, who was one of the key culprits.

No double standards on terror, need unified action to dismantle its entire ecosystem: Rajnath at SCO

New Delhi, Agency: Defence minister Rajnath Singh, in the presence of Pakistan's deputy PM and foreign minister Mohammad Ishaq Dar at a Shanghai Cooperation Organisation (SCO) meeting in Dushanbe, said on Tuesday that there should not be "double standards" on terrorism as it "not only harms innocent lives but also investment and commerce".

Addressing the 25th meeting of the council of heads of govt (CHG) of SCO, Rajnath called upon member states to make concerted efforts to dismantle the entire ecosystem of terrorism, describing the menace as one of the gravest threats to peace and development. "Terrorism results in the loss of innocent lives and disrupts investment and commerce. It radicalises societies and deprives youth of the opportunities they rightfully deserve. There can be no justification for terrorism, no double standards in addressing it, and no place for those who finance, support, or provide safe havens to terrorists," he said.

Hinting at the supply chain disruptions due to the West Asia conflict, Rajnath, who represents India on behalf of PM Narendra Modi, said, "In the changing global economic environment, SCO countries will have to work together on resilient supply chains, better trade and investment, and technology-driven development. India's vision is clear-ensuring inclusive development for all member countries through security, connectivity, and opportunity."

Pointing out that India supports initiatives that link markets, facilitate trade and create new avenues for development, the minister said that initiatives such as the International North-South Transport Corridor and the Chabahar Port can contribute significantly to connecting Central Asia with broader markets. Stressing that the benefits of economic cooperation must reach all sections of society, he reaffirmed India's support for the adoption of an action plan for the multilateral trade and economic cooperation programme for the period 2026-2030.

The minister stressed that connectivity must be based on consultation and respect for the sovereignty and territorial integrity of all countries, adding that projects not founded on these principles will not be sustainable. He emphasised the need to move beyond physical connectivity by simplifying customs procedures, promoting digital documentation, improving logistics and adopting interoperable digital solutions to reduce the cost of doing business across the region. He urged the SCO to build on the strong foundation established over the past 25 years and chart a forward-looking roadmap focused on consensus-driven cooperation and tangible outcomes.

Rajnath recalled the deliberations at the SCO Summit in Bishkek in Aug-Sept, when PM Modi underlined the need for concrete steps by the organisation on issues related to security, connectivity, and opportunity. "India believes that the SCO must remain efficient and steadfast in its adherence to the principles of sovereign equality, consensus, and mutual respect.

Deeply regrettable': Sanjay Raut's Albania arson post draws flak from party colleague, others

New Delhi, Agency: Former Rajya Sabha member and Shiv Sena (UBT) leader Priyanka Chaturvedi on Tuesday disagreed with her party colleague Sanjay Raut for suggesting that India should learn a lesson from the student-led protests in Albania, which turned violent and targeted democratic institutions.,Raut had claimed that people in Albania had set the country's Supreme Court ablaze for allegedly helping "corrupt prime ministers".

"The people of Albania have burned down the Supreme Court. The people were enraged because the Supreme Court was helping corrupt prime ministers. The protesting public has also attacked Parliament and government offices, as well as the ministers' homes," Raut said in a post on X.m "All countries should learn a lesson from these events. Especially India," he added.

Chaturvedi, however, condemned the remarks, saying India did not need to learn from any other country. She also warned against people taking the law into their own hands and destabilising institutions. "India does not need to learn from any other country. Albania is a small nation that endured years under a communist dictatorship; the idea that people should take the law into their own hands, disrupt order, and destabilise institutions, whether it be the Supreme Court or Parliament, is entirely unacceptable," Chaturvedi said. "Those who suggest that we should draw inspiration from the protests in Bangladesh to pursue a regime change: this is deeply regrettable, as those protests were not merely led by students; they were eventually co-opted by an Islamist movement, which led to attacks on minorities, including Hindu minorities. Such violent regime change has no place in any democracy, and we should not look to examples like Albania, Paris, or other such incidents for guidance," she added. BJP also slammed Shiv Sena (UBT) leader Sanjay Raut for his remarks. In a post in Marathi on X, Raut on Monday shared a 13-second video clip of a purported incident of arson in Albania, saying all countries should take a lesson from these events, "especially" India.